रोहतक

रविवार 7 जून 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 123
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 43.1
न्यून. 22.5



08 ईरान ने कुवैत व बहरीन पर 7 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, अमेरिका का जवाबी हमला

# टीम इंडिया का 'वैभव'

## सूर्यवंशी भारतीय टीम में चुने गए सबसे युवा क्रिकेटर

### 15 साल, 71 दिन की उम्र में हुआ चयन



**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट टीम में चुने गए अब तक के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। 15 साल, 71 दिन के वैभव को जून-जुलाई में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के साथ-साथ सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स के लिए चुना गया है। एशियन गेम्स में क्रिकेट के मुकाबले टी-20 फॉर्मेट में ही होते हैं। श्रेयस अय्यर टी-20 फॉर्मेट में भारत के नए कप्तान बनाए गए हैं। वर्ल्ड कप जीतने वाले सूर्यकुमार यादव से कप्तानी छीन ली गई है। उन्हें टीम से भी बाहर कर दिया गया है। तिलक वर्मा टी-20 टीम के उपकप्तान बनाए गए हैं।

**सबसे युवा खिलाड़ी**

शेफाली वर्मा
15 साल 220 दिन

सचिन तेंदुलकर
16 साल 194 दिन

**वैभव जून-जुलाई में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज और सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स के लिए चुने गए**

**शेफाली का रिकॉर्ड तोड़ा :** टीम में पहली बार सिलेक्शन होने के दिन सबसे कम उम्र के मामले में वैभव ने शेफाली वर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा है। इससे पहले शेफाली पुरुष और महिला क्रिकेट मिलाकर भारतीय टीम के लिए चुनी जाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी थीं। शेफाली जब पहली बार चुनी गई थीं, तब वह 15 साल, 220 दिन की थीं। वहीं, पुरुष क्रिकेटर्स में यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था। सचिन 16 साल, 194 दिन की उम्र में भारतीय टीम में चुने गए थे।

**सबसे कम उम्र का डेब्यू संभव**

शेफाली ने 15 साल 239 दिन की उम्र में भारत के लिए पहला मैच खेल लिया था। वहीं, सचिन ने 16 साल 205 दिन की उम्र में भारत के लिए डेब्यू किया था। वैभव को अगर इंग्लैंड-आयरलैंड टूर या एशियन गेम्स में एक भी मैच खेलने का मौका मिल जाता है तो वे शेफाली और सचिन दोनों को पीछे छोड़कर भारत के लिए खेलने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन जाएंगे।

**हॉकी अंडर-18: लड़कों को गोल्ड**

## भारत ने जापान को 4-1 से हराकर जीता एशिया कप

**काकामिगाहारा (एजेंसी)।** आशिष पुर्ती की शानदार हैट्रिक की बदौलत भारत ने मेजबान जापान को 4-1 से हराकर शनिवार को यहां पुरुष अंडर-18 एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया। पुर्ती ने दूसरे, 28वें और 34वें मिनट में गोल दागकर हैट्रिक पूरी की। कप्तान केतन कुशवाहा ने 30वें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त को और मजबूत किया। भारत ने तीसरी बार कप जीता। इससे पहले 2001 और 2016 में भी टाइटल अपने नाम किया था। हॉकी इंडिया ने स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को तीन लाख रुपये और सहयोगी सदस्यो को डेढ़ लाख रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

आशिष की हैट्रिक, तीसरी बार जीता कप



**छोरियां भी छाई**

## कोरिया को 3-0 से हराकर लड़कियों ने कब्जाया कांस्य

**काकामिगाहारा (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने भी कोरिया के खिलाफ तीसरे स्थान के मैच में 3-0 से शानदार जीत दर्ज करते हुए अंडर-18 एशिया कप में कांस्य पदक जीता। भारत की ओर से संदीप कुमारी, कप्तान स्वीटी कुजूर और नौशीन नाज ने गोल दागे और टीम को पोडियम पर जगह दिलाई। सेमीफाइनल में भारत को चीन के खिलाफ शूटआउट में करीबी हार मिली थी। संदीप कुमारी ने बेहतरीन संयम दिखाया और दूसरे ही मिनट में शानदार फिनिश के साथ भारत को बढ़त दिला दी। भारत की नौशीन ने पूरे टूर्नामेंट में 12 गोल दागे।

संदीप कुमारी, स्वीटी कुजूर और नौशीन ने गोल दागे

**शतरंज का युवा सितारा**

## प्रज्ञानंद ने जीता नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट, पहले भारतीय बने



**ओस्लो (एजेंसी)।** भारतीय शतरंज के युवा सितारे और ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने इतिहास रचते हुए प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। उन्होंने अंतिम राउंड में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की और इस टूर्नामेंट को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। 20 वर्षीय प्रज्ञानंद ने अंतिम दिन बेहद दबाव में खेलते हुए क्लासिकल जीत दर्ज की, जिसके उन्हें पूरे 3 अंक मिले। उन्होंने कुल 18 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर खिताब अपने नाम कर लिया। *(खेल पेज भी देखें)*

## 5 घंटे तक हल्लाबोल, कॉकरोच जनता पार्टी ने मांगा शिक्षामंत्री का इस्तीफा

**अभिजीत बोले, पद नहीं छोड़ा तो पूरे देश में होगा प्रदर्शन**

13 जून को फिर करेंगे आंदोलन

# जंतर-मंतर पर सीजेपी का प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी, यानी सीजेपी ने शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर 5 घंटे प्रदर्शन किया। पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा था कि मंत्री आज शाम 5 बजे तक इस्तीफा दें, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा। अगले शनिवार, यानी 13 जून को जंतर-मंतर पर फिर प्रदर्शन करेंगे। सीजेपी को जंतर-मंतर पर शाम 5 बजे तक प्रदर्शन करने की अनुमति मिली थी, लेकिन करीब 3 बजे ही अभिजीत और सोनम वांगचुक धरनास्थल से रवाना हो गए थे। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हो गया। अभिजीत सुबह ही अमेरिका से दिल्ली लौटे थे। वे एयरपोर्ट से सीधे जंतर-मंतर पहुंचे थे। यहां अभिजीत अंबेडकर की ऑटो बायोग्राफी और संविधान की कॉपी लेकर पहुंचे थे। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। उनके साथ सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका भी मौजूद थे। आशुतोष आईआईटी कानपुर से पास आउट हैं। वे पिछले साल लंदन से भारत लौटे हैं।

**5 दिन का अल्टीमेटम**

अभिजीत ने कहा- कॉकरोच जनता पार्टी अपनी मांग पर अड़ी है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। उन्होंने धर्मेंद्र को इस्तीफे के लिए 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर कॉकरोच जनता पार्टी की बात नहीं मानी जाती है, तो 13 जून को जंतर-मंतर पर दोबारा प्रदर्शन किया जाएगा।

**क्या है मांगें**

- ▶▶। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा,
- ▶▶। शिक्षा में सही ट्रेनिंग के बाद डिजिटलाइजेशन
- ▶▶। कॉम्पिटिटिव एग्जाम में निष्पक्षता और विश्वसनीयता
- ▶▶। छात्रों की मानसिक सेहत पर ध्यान, जवाबदेही की मांग
- ▶▶। मणिपुर में एजुकेशन सेक्टर को पटरी पर लौटाएं

**दीपके बोले- यह तो सिर्फ एक ट्रेलर है**




**ऐसे चला घटनाक्रम, पांच बार भाषण दिया**

अभिजीत दीपके सुबह सुबह 7.30 बजे अमेरिका से दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। सुबह 9:30 बजे अभिजीत सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका के साथ जंतर-मंतर के लिए रवाना हुए। सुबह 10:00 बजे अभिजीत जंतर-मंतर पहुंचे। यहां समर्थकों ने स्वागत किया और लोगों से बातचीत की। सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक दीपके ने अपने समर्थकों के बीच 5 बार छोटी-छोटी स्पीच दी।

**6 लोग हिरासत में**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने 6 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रदर्शन के समर्थकों और विरोधियों के बीच तनाव हो सकता है। इसी के चलते कुछ लोगों को एहतियाती हिरासत में लिया गया।

**अभिजीत के घर पुलिस तैनात**

पुणे में कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके के घर महाराष्ट्र पुलिस तैनात कर दी गई है। सुबह से ही घर के बाहर बैरिकेडिंग की गई थी। पुलिस की गाड़ियां भी घर के बाहर मौजूद थीं। हालांकि दीपके के माता-पिता घर पर हैं या नहीं, इस बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। इससे पहले, दीपके के माता-पिता ने मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया था।




## वैष्णो देवी जा रही ट्रेन 2 हिस्सों में बंटी बड़ा हादसा टला



**लुधियाना।** लुधियाना रेलवे स्टेशन पर वैष्णो देवी जा रही 1200 यात्रियों से भरी न्यू दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्पेशल (04081) ट्रेन में हादसा हो गया। ट्रेन के स्लीपर कोच का टॉयलेट अचानक धमाके जैसी आवाज के साथ टूट गया। जिसके बाद यह कोच अपने साथ वाले डिब्बे से अलग हो गया। आवाज सुनते ही यात्रियों में अफरातफरी मच गई। खुशकिस्मती की बात ये रही कि जिस वक्त हादसा हुआ, ट्रेन लुधियाना से चली ही थी। अगर हाईस्पीड के दौरान यह हादसा होता तो यात्रियों की जान को खतरा हो सकता था। *एजेंसी*

# कई जिलों में बरसात, 3 डिग्री गिरा पारा

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** जून माह के पहले सप्ताह में मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल रहा है। शनिवार को महेंद्रगढ़ में तेज आंधी के बाद बारिश हुई। नारनौल में टीन शेड टूटकर गिर गया। रेवाड़ी में धूल भली आंधी चली। वहीं नूंह में भी तेज आंधी के बाद बारिश हुई। इसके साथ-साथ सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी और चरखी दादरी में बारिश और आंधी आई। मौसम विभाग का कहना है कि अभी दो दिन राज्य में बारिश की संभावना है। प्रदेश के औसत अधिकतम तापमान में 3.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जो सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम है।

**पेड़ और पोल टूटकर गिरे**

शाम के समय तेज आंधी के साथ कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। आंधी के कारण कई स्थानों पर पेड़ व बिजली के पोल भी टूट गए। शहर में दुकानों के बाहर लगे साइन बोर्ड तक उड़ गए। कई फीडरों को आंधी के कारण बंद कर दिया गया। बाद में इन फीडरों को चलाया गया।



**आगे ऐसा रहेगा मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन यानी 7 और 8 जून को पश्चिमी विक्षोभ के कारण अधिकतम तापमान में बड़ा बदलाव नहीं होगा। तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। 11 जून को मौसम फिर करवट लेगा और आंधी-तूफान के साथ बारिश होगी।

**बिजली बंद की, लॉक हुए दरवाजे**

## दिल्ली होटल आग हादसे में रसोइया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मालवीय नगर के फ्लरिश स्टे होटल में आग लगी थी। पुलिस ने हादसे की जांच के लिए होटल के रसोइए केशव नेगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आग रसोइए की लापरवाही से लगी हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रसोइए केशव ने ही बताया था कि ग्राउंड फ्लोर पर बने रेस्टॉरेंट के किचन में बिजली से चलने वाला चूल्हा था। इसमें विस्फोट के बाद ही आग लगी, जो पूरे होटल में फैल गई थी। हादसे में 21 लोगों की जान गई थी।



सबसे पहले घटनास्थल से भागा

**आम आदमी की जेब होगी ढीली**

## 29 रुपये बढ़े गैस सिलेंडर के दाम, कीमतें आज से लागू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दामों में 29 की बढ़ोतरी की गई है। नई दरें 7 जून से लागू होंगी। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाला घरेलू सिलेंडर 913 से बढ़कर 942 हो जाएगा। तीन महीने में दूसरी बार एलपीजी की कीमत बढ़ाई गई है। इससे पहले 7 मार्च को एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 बढ़ाए गए थे। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ग्लोबल एनर्जी सप्लाई प्रभावित हुई थी, जिससे अंतरराष्ट्रीय ईंधन कीमतें बढ़ गई थीं। दामों में ताजा बढ़ोतरी से तेल कंपनियों के नुकसान की केवल आंशिक भरपाई होगी।



पश्चिमी एशिया में संघर्ष से सप्लाई हो रही बाधित

**दिल्ली में पहला पंप खुला, पेट्रोल से 20 रुपये सस्ता, कीमत 82.12 रुपये प्रति लीटर**

# 85% इथेनॉल मिक्स वाला फ्लेक्स फ्यूल लॉन्च

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 85% इथेनॉल मिक्स वाला ई85 फ्यूल दिल्ली में आधिकारिक तौर पर लॉन्च हो गया है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इंडियन ऑयल के पूसा रोड आउटलेट पर दिल्ली के पहले ई85 फ्यूल डिस्पेंसिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। खास बात ये है कि यह पेट्रोल से 20 प्रति लीटर सस्ता है। इससे न सिर्फ आम लोगों का गाड़ी चलाने का खर्च कम होगा, बल्कि कच्चे तेल के आयात पर देश की निर्भरता भी घटेगी। दिल्ली में ई85 फ्यूल की कीमत 82.12 प्रति लीटर तय की गई है। यह दिल्ली में बिक रहे रेगुलर ई20 पेट्रोल से पूरे 20 कम है। पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों को किसी तरह का भ्रम न हो, इसके लिए ई85 फ्यूल देने वाली मशीनों (डिस्पेंसर्स) पर एक खास ब्रांडिंग और अलग से साफ दिखने वाला लेबल लगाया जाएगा।

**इस साल खुलेंगे 500 पंप 2027 तक 5000 का टारगेट**

दिल्ली के पूसा रोड पर खुला यह स्टेशन देश का पहला पंप है, लेकिन सरकार का प्लान इसे बहुत बड़े स्तर पर ले जाने का है। शुरुआती फेज में सरकार दिल्ली-एनसीआर और मुंबई-पुणे-नागपुर कॉरिडोर में करीब 50 से 100 ऐसे ई85 फ्यूल स्टेशन स्थापित करेगी। योजना के मुताबिक, इस साल अंत तक देश में ऐसे स्टेशनों का नेटवर्क बढ़ाकर करीब 500 किया जाएगा। वहीं, साल 2027 अंत तक केंद्र सरकार का टारगेट देश के सभी मुख्य शहरों में लगभग 5000 आउटलेट्स शुरू करने का है। सरकार ने हाल ही में ई22, ई25, ई27 और ई30 जैसे ज्यादा इथेनॉल मिक्स वाले फ्यूल स्टैंडर्ड्स को भी नोटिफाई किया है।



**ई85 फ्लेक्स फ्यूल में क्या खास**

अभी देशभर में फ्यूल स्टेशन पर जो पेट्रोल मिल रहा है वह ई20 है, यानी उसमें 20% इथेनॉल और 80% पेट्रोल मिक्स है। इसके उलट, नए ई85 फ्यूल में 85% तक इथेनॉल और सिर्फ 15% पेट्रोल है। सरकार ई100 यानी 100% एथेनॉल जैसे फ्लैक्स फ्यूल की ओर बढ़ना चाहती है, ताकि कच्चे तेल के आयात को कम किया जा सके। 28 फरवरी को मिडिल ईस्ट में युद्ध शुरू होने के बाद कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर से बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं, जिससे भारत का आयात बिल तेजी से बढ़ा है। इथेनॉल को गन्ने के रस, मक्का और सड़े हुए अनाज जैसे कृषि उत्पादों से बनाया जाता है, इसलिए इसकी लागत कम आती है।




**खबर संक्षेप**



### पंचकूला की निर्झर वाटिका का होगा कायाकल्प

**पंचकूला।** महापौर श्याम लाल बंसल ने सोमवार को पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (पीएमडीए) के अधिकारियों के साथ सेक्टर-5 स्थित निर्झर वाटिका का निरीक्षण कर पार्क में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### सीबीएसई परीक्षा परिणामों की जांच करवाए सरकार

**चंडीगढ़।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों में सामने आ रही गंभीर अनियमितताओं और छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मेहनती और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सिस्टम की खामियों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कई छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं से प्रश्न गायब पाए गए।

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई 9 को

**पंचकूला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच द्वारा 9 जून को पंचकूला जिले के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। मंच के चेयरमैन और सदस्य सुबह 11:30 बजे से अधीक्षण अभियंता कार्यालय, एससीओ नंबर-96, प्रथम तल, सेक्टर-5, पंचकूला में मामलों की सुनवाई करेंगे। निगम के प्रवक्ता ने बताया कि सुनवाई के दौरान बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग, बिजली कनेक्शन काटने और जोड़ने, बिजली आपूर्ति में बाधा, कार्यकुशलता, सुरक्षा, विश्वसनीयता में कमी तथा हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना से संबंधित शिकायतों का निपटारा किया जाएगा।

सीएम ने समालखा के सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र के वार्षिक स्थापना दिवस पर की घोषणा

# प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को 10 साल के पट्टे पर भूमि देगा कृषि विभाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत की मजबूत नींव गांवों में है और गांवों के विकास के बिना विकसित भारत का सपना साकार नहीं हो सकता। उन्होंने युवाओं से गांवों को आत्मनिर्भर और किसानों को सक्षम बनाने की दिशा में आगे आने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री शनिवार को समालखा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र के वार्षिक स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। उन्होंने घोषणा की कि कृषि विभाग के स्वामित्व वाली लगभग 800 एकड़ भूमि उन किसानों को पट्टे पर दी जाएगी, जो अगले कम से कम 10 वर्षों तक प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने के लिए तैयार होंगे। पंचायत भूमि पर भी प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए नई नीति तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि एपीडा प्रमाणित प्राकृतिक एवं जैविक किसानों को पांच वर्षों तक प्रति वर्ष 10 हजार रुपये प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। वहीं प्राकृतिक खेती अपनाने वाले पात्र किसानों को देसी गाय खरीदने पर 30 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले कच्चे माल के लिए सरकार सब्सिडी उपलब्ध करवाएगी।

### मुख्यमंत्री नायब से मिले श्री भैणी साहिब नामधारी संप्रदाय के महाराज उदय सिंह



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को श्री भैणी साहिब नामधारी संप्रदाय के प्रमुख महाराज उदय सिंह से मुलाकात की। सीएम सैनी ने उनका अभिनंदन किया।

### 10 मंडियों में प्राकृतिक और जैविक किसानों के लिए विशेष स्थान उपलब्ध कराए जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 10 मंडियों में प्राकृतिक और जैविक किसानों के लिए विशेष स्थान उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा परीक्षण प्रयोगशालाएं और एपीडा मान्यता प्राप्त प्रमाणन केंद्र स्थापित किए जाएंगे, ताकि किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सके। नायब सैनी ने कहा कि सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र केवल एक संस्था नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत का जीवंत मॉडल है। यह केंद्र आसपास के 100 गांवों के समग्र विकास के लिए शिक्षा, कौशल विकास, कृषि, स्वास्थ्य, खेल और रोजगार जैसे क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। जब समाज स्वयं विकास का संकल्प लेता है, तब परिवर्तन केवल दिखाई नहीं देता बल्कि पीढ़ियों तक प्रभाव छोड़ता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र 'वसुधैव कुटुम्बकम' है और इसी भावना के साथ यह केंद्र 'एक भूमि, एक परिवार और एक भविष्य' की अवधारणा पर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने युवाओं के कौशल विकास पर जोर देते हुए कहा कि समय की मांग के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षण देना आवश्यक है। केंद्र में स्थापित कौशल विकास केंद्र और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ हुआ समझौता युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएगा।

## परिवहन विभाग से हटेंगे रेडक्रॉस के कर्मचारी

■ मूल कार्यालयों में लौटने के आदेश जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने परिवहन विभाग के जिला स्तरीय कार्यालयों में कार्यरत रेडक्रॉस सोसायटी के कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से उनके मूल कार्यालयों में वापस भेजने के निर्देश जारी किए हैं। यह निर्णय हरियाणा राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष के अनुरोध पर लिया गया है। जारी आदेशों के अनुसार परिवहन विभाग के विभिन्न जिला कार्यालयों में तैनात सभी रेडक्रॉस कर्मचारी अपने-अपने जिला रेडक्रॉस शाखा कार्यालयों में रिपोर्ट करेंगे। परिवहन आयुक्त, हरियाणा को भी आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। रेडक्रॉस सोसायटी का मुख्य कार्य स्वास्थ्य सेवाएं, आपदा राहत, रक्तदान अभियान, सामाजिक सेवा और जनकल्याण कार्यक्रमों का संचालन करना है। विभिन्न विभागों में कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति के कारण जिला रेडक्रॉस शाखाओं में लंबे समय से स्टाफ की कमी महसूस की जा रही थी। इसी को देखते हुए कर्मचारियों को वापस बुलाने का निर्णय लिया गया है।

### भाजपा ने स्वागत-अभिनंदन कार्यक्रमों के लिए क्लस्टर इंचार्ज किए नियुक्त

**चंडीगढ़।** भाजपा ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता के स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रमों को लेकर व्यापक योजना तैयार की है। भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता के जिलावार होने वाले कार्यक्रमों के सफल संचालन और संगठनात्मक गतिविधियों के बेहतर समन्वय के लिए क्लस्टर इंचार्ज नियुक्त किए हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने बताया कि पार्टी ने पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, पानीपत, सोनीपत और गोहाना जिलों के लिए जवाहर सैनी, रेणुबाला गुप्ता, दीपक शर्मा और रवि बतान को क्लस्टर इंचार्ज नियुक्त किया है। इसी प्रकार डबवाली, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, हांसी, भिवानी, चरखी दादरी और महेंद्रगढ़ जिलों के लिए प्रदेश महामंत्री एवं मंत्री कृष्ण बेदी, सुरेंद्र आर्य, अजय बंसल, मुकेश गौड़ और सरोज सिहाग को क्लस्टर इंचार्ज की जिम्मेदारी दी है। फरीदाबाद, फरीदाबाद और रोहतक व अन्य जिलों के लिए प्रदेश महामंत्री पूनिया व अन्य के जिम्मेदारी सौंपी है।

## 22 साल बाद मिला न्याय, दिव्यांग कारोबारी के परिवार को मिलेगा 87.66 लाख मुआवजा

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने 22 वर्ष पुराने सड़क हादसे के मामले में 100 प्रतिशत दिव्यांग हुए कारोबारी के परिवार को बड़ी राहत देते हुए कुल 87.66 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। पहले मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी), जींद ने 24.86 लाख रुपये मुआवजा तय किया था। हाई कोर्ट ने इसमें 62.80 लाख रुपये की बढ़ोतरी करते हुए नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान के निर्देश दिए हैं। जस्टिस सुदीप्ति शर्मा ने श्याम सुंदर गुप्ता के कानूनी वारिसों की अपील स्वीकार करते हुए कहा कि दुर्घटना ने पीड़ित की आजीविका और सामान्य जीवन जीने की क्षमता पूरी तरह समाप्त कर दी थी। ऐसे मामलों में पर्याप्त और न्यायोचित मुआवजा मिलना चाहिए। रिकॉर्ड के अनुसार 26 नवंबर 2003 को हुए सड़क हादसे में श्याम सुंदर गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रीढ़ की हड्डी सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटों के कारण उन्हें 100 प्रतिशत स्थायी दिव्यांग घोषित किया गया। लगभग 12 वर्ष तक बिस्तर पर रहने के बाद 2015 में उनका निधन हो गया था

**हाईकोर्ट का आदेश**



### 7299 के टीए बिल पर 19 साल चली कानूनी लड़ाई

**चंडीगढ़।** महज 7,299 रुपये के यात्रा भत्ता (टीए) बिल को लेकर 19 वर्ष तक चली मुकदमेबाजी पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने विराम लगा दिया। जस्टिस सुदीप्ति शर्मा ने हरियाणा सरकार की नियमित द्वितीय अपील खारिज करते हुए कहा कि 25 हजार रुपये से कम राशि वाले मामलों में सीपीसी की धारा-102 के तहत दूसरी अपील सुनवाई योग्य नहीं होती। मामला रोहतक निवासी ओपी खन्ना के वर्ष 1999-2002 के लंबित टीए बिलों से जुड़ा था। प्रथम अपीलीय अदालत ने 2007 में खन्ना के पक्ष में फैसला दिया था। हाईकोर्ट ने मामले को लेकर सरकार पर टिप्पणी भी की।

## सीपीए सम्मेलन में ई-बसों से सफर करेंगे प्रतिनिधि

**चंडीगढ़।** राष्ट्रमंडल संसदीय संघ इंडिया रीजन के जोन-2 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और ईंधन की खपत कम करने के आह्वान की स्पष्ट झलक देखने को मिलेगी। सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आयोजन से जुड़े सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सम्मेलन के दौरान मितव्ययिता, पर्यावरण संरक्षण और उत्कृष्ट प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाए तथा किसी भी प्रकार के अनावश्यक खर्चे न होने पाए। इसी सोच के अनुरूप सम्मेलन में आने वाले सभी प्रतिनिधियों और अधिकारियों के आवागमन की व्यवस्था ई-बसों के माध्यम से की गई है। इस पहल से न केवल पेट्रोलियम पदार्थों की खपत में कमी आएगी, बल्कि बड़े वाहनों के सामूहिक उपयोग से परिवहन व्यय में भी उल्लेखनीय बचत होगी। हरियाणा विधान सभा सचिवालय ने प्रतिनिधियों के लिए छह आधुनिक ई-बसों की व्यवस्था की है।योजना के अनुसार 6 बसें हरियाणा व पंजाब एमएलए हॉस्टल तथा प्रतिनिनिधियों के दूसरे आवास स्थलों से संचालित होंगी।



## प्रदेश में पांच साल में शिशु मृत्यु दर में 14 फीसदी कमी

■ नवजात एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का असर, पंजाब से अधिक तेज सुधार दर्ज

**चंडीगढ़।** सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस)-2024 की रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा ने शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) में उल्लेखनीय सुधार दर्ज करते हुए इसे घटाकर प्रति एक हजार जीवित जन्म पर 24 कर लिया है। इसके साथ ही राज्य राष्ट्रीय औसत के बराबर पहुंच गया है। पिछले पांच वर्षों में हरियाणा की शिशु मृत्यु दर 28 से घटकर 24 हो गई, जो करीब 14 प्रतिशत की कमी दर्शाती है। इसी अवधि में पंजाब में यह दर 18 से घटकर 16 हुई, जो लगभग 11 प्रतिशत सुधार है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए किए गए प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। उन्होंने कहा कि राज्य में संस्थागत प्रसव, नवजात देखभाल और स्वास्थ्य अवसंरचना में लगातार सुधार किया गया है। राज्य सरकार ने स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू), न्यूबॉर्न स्टेबिलाइजेशन यूनिट, न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर सहित अन्य सुविधाएं मिल रही है।

## रेवाड़ी में आंधी के चलते ट्रैक पर गिरा पेड़

■ ब्लाक के कारण हादसा टला, थोड़ी देर में आने वाली थी वंदे भारत ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

■ रेलवे कर्मियों ने ट्रैक साफ कर गाड़ियों को निकाला

शनिवार शाम आई तेज आंधी के कारण सादलपुर रेल मार्ग पर नांगल मूंदी के पास सफेदे का एक पेड़ टूटकर रेलवे ट्रैक और ओएचई लाइन पर गिर गया। हालांकि उस समय रेल विभाग की टीम लाइन पर ब्लॉक लेकर ओएचई निरीक्षण कर रही थी, जिससे बड़ा रेल हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही सब सेक्शन इंजीनियर अभिषेक कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पेड़ की टहनियां काटकर ट्रैक से हटाईं और ओएचई लाइन व टावरों की जांच की। लाइन को कोई नुकसान नहीं मिलने पर रेल यातायात बहाल कर दिया गया। इस दौरान वंदे भारत सहित कुछ ट्रेनों के संचालन पर आंशिक असर पड़ा। रेल अधिकारियों के अनुसार यदि उस समय लाइन पर ब्लॉक नहीं लिया गया होता तो शॉर्ट सर्किट या अन्य तकनीकी खराबी के कारण बड़ा हादसा हो सकता था। विभाग ने बताया कि रेलवे ट्रैक के आसपास खड़े सफेदे के पेड़ों को हटाने के लिए वन विभाग से अनुमति मांगी गई है, लेकिन अभी मंजूरी नहीं मिली है।



## स्कूल खुलने से पहले भवन मरम्मत पेयजल व अन्य व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने गर्मी की छुट्टियों का उपयोग सरकारी स्कूलों में मरम्मत कार्य और बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए करने का निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्कूल खुलने से पहले भवनों की खामियां दूर कर शौचालय, पेयजल, बिजली और अन्य आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह दुरुस्त कर ली जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित प्रिंसिपल और हेडमास्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। स्कूल मुखियाओं को छुट्टियों के दौरान ही आवश्यक मरम्मत कार्य पूरा कराने के लिए कहा गया है। विभाग ने छोटे-मोटे मरम्मत कार्यों के लिए स्कूलों को उपलब्ध फंड से एक लाख रुपये तक खर्च करने की अनुमति भी दी है। जिन स्कूलों के पास पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं है, उन्हें एक सप्ताह के भीतर अतिरिक्त फंड की मांग भेजने को कहा गया है। शिक्षा विभाग ने मुख्यालय स्तर के अधिकारियों को छुट्टियों के दौरान स्कूलों का रैंडम निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारी मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्यों और सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेंगे तथा रिपोर्ट मुख्यालय को भेजेंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्कूल में अनियमितता या लापरवाही मिलने पर इसे गंभीरता से लिया जाएगा। संबंधित प्रिंसिपल या हेडमास्टर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि नए शैक्षणिक सत्र से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

### अधिकारी करेंगे रैंडम निरीक्षण, खामियां मिलने पर प्रिंसिपल-हेडमास्टर होंगे जिम्मेदार

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़ (हरियाणा) - 123031
NAAC A
स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण आरंभ
शैक्षणिक सत्र: 2026-27
हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ निम्नलिखित कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित सीयूईटी (पीजी) -2026 परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों से ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म आमंत्रित करता हैः
स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रम
एम.ए. अर्थशास्त्र, इतिहास एवं पुरातत्त्व, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, हिंदी, पत्रकारिता एवं जनसंचार, संस्कृत, हिंदी अनुवाद, हिंदू अध्ययन
एम.एससी. डाटा साइंस, जियोइंफोरमेटिक्स, रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भूगोल, गणित, भौतिकी, सांख्यिकी, सूक्ष्म जीवविज्ञान, जैव रसायन विज्ञान, पोषण जीवविज्ञान, जैवप्रौद्योगिकी, योग
एम.टेक. एनर्जी सिस्टम एंड मैनेजमेंट, स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग
विधि एलएलबी (3 वर्षीय), एलएलएम
एमसीए कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी
एम.लिब. एंड इंफो. साइंस लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस
एम.पी.एड. शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद
एमएचएमसीटी मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलॉजी
एमबीए (टीटीएम) एमबीए-ट्यूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट
एम.फार्म फार्माकोग्नॉसी, फार्माक्लॉजी, औषधि निर्माण विज्ञान (फार्मास्यूटिक्स)
एम.कॉम.
एमबीए प्रबंधन अध्ययन
एम.एड. / बी.एड.
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिहेब्लिटेशन साइक्लॉजी (पीजीडीआरपी)
एडवांस डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस एंड काउंसलिंग (एडीसीजीसी)
महत्त्वपूर्ण तिथियाँ
ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने की तिथि 22/05/2026
ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 12/06/2026
पंजीकरण लिंक https://cuhcuet.samarth.edu.in/pg/
विस्तृत विवरण एवं अद्यतन जानकारी के लिए www.cuh.ac.in देखें। कुलसचिव

प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर सरकार का बड़ा फैसला, मिलेंगी सुविधाएं

# नए भवनों और टावरों में ईवी चार्जिंग व्यवस्था होगी अनिवार्य, भवन मंजूरी से पहले होगी जांच

वाहन निर्माता कंपनियों को भी निर्देश, हाईवे और स्टेट हाईवे पर स्थापित करें चार्जिंग स्टेशन

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए अब राज्य में बनने वाले नए आवासीय और गैर-आवासीय भवनों में ईवी चार्जिंग व्यवस्था अनिवार्य होगी। भवन और सोसायटी निर्माण की मंजूरी के दौरान नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग (टीसीपीडी) के अधिकारी इस व्यवस्था की जांच भी करेंगे। इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नायब सिंह सैनी सरकार लगातार कदम उठा रही है। इसी क्रम में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने हरियाणा भवन संहिता-2017 में संशोधन करते हुए नई तथा नवीनीकृत आवासीय और गैर-आवासीय इमारतों में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर अनिवार्य कर दिया है।

### शॉपिंग मॉल, होटल और कार्यालयों में हर तीन पार्किंग स्लॉट पर व आवासीय परिसरों में हर पांच स्लॉट पर चार्जिंग प्वाइंट जरूरी



संशोधित नियमों के अनुसार शॉपिंग मॉल, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, होटल, कार्यालय और अन्य गैर-आवासीय भवनों में, जहां कम से कम 10 कारों की पार्किंग की सुविधा होगी, वहां प्रत्येक तीन पार्किंग स्लॉट पर एक ईवी चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करना अनिवार्य होगा। साथ ही भविष्य में पूरी पार्किंग को ईवी-अनुकूल बनाने के लिए आवश्यक वायरिंग और पाइपलाइन की व्यवस्था भी करनी होगी। समूह आवास परियोजनाओं, हाउसिंग सोसायटियों, सहकारी आवास समितियों और आरडब्ल्यूए संचालित आवासीय परिसरों में, जहां 10 या अधिक कारों की पार्किंग होगी, वहां प्रत्येक पांच पार्किंग स्लॉट पर एक ईवी चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करना होगा। इन परियोजनाओं में चार्जिंग व्यवस्था के लिए आवश्यक विद्युत ढांचा पहले से तैयार रखना अनिवार्य होगा।

### स्टेशनों का नेटवर्क तेजी से विकसित करें



प्रदेश के परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि ई-वाहन निर्माता कंपनियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे चार्जिंग स्टेशनों का नेटवर्क तेजी से विकसित करें। हाईवे और स्टेट हाईवे पर पर्याप्त संख्या में चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना जरूरी है, ताकि ईवी चालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाए बिना इलेक्ट्रिक वाहनों को व्यापक स्तर पर अपनाने में कठिनाइयां बनी रहेंगी।

### बेसमेंट और स्टिल्ट फ्लोर के लिए अग्निशमन विभाग से लेनी पड़ेगी मंजूरी

सरकार ने ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) की गणना से छूट दी है, जिससे बिल्डरों और डेवलपर्स पर अतिरिक्त निर्माण क्षेत्र का दबाव नहीं पड़ेगा। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार बेसमेंट और स्टिल्ट फ्लोर में भी ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा सकेंगे। हालांकि इसके लिए अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा मानकों का पालन करना होगा तथा अग्निशमन विभाग से प्रमाणन लेना अनिवार्य होगा। नए नियमों के तहत भवन मालिकों और डेवलपर्स को ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट (ओसी) के लिए आवेदन करते समय यह प्रमाणित करना होगा कि पार्किंग क्षेत्र में ईवी चार्जिंग प्वाइंट निर्धारित मानकों के अनुरूप स्थापित किए गए हैं। वहीं मौजूदा आवासीय परिसरों के निवासियों को भी राहत दी गई है। यदि कोई व्यक्ति अपने निर्धारित पार्किंग स्थल पर ईवी चार्जर लगाना चाहता है तो उसे आवश्यक अनुमति प्रदान की जाएगी।

उत्तर रेलवे
ई–नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।
रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस

| S. N. | Lot No. | Auction Catalogue No. | Details | Auction start date & time | Auction close date & time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-JUDW-GMU-160-25-1 | UMB-Ctg-JUDW-26 | (जनरल माइनर यूनिट–खानपान) (जीएमयू) (आकार–10'x6') स्टॉल नंबर–2, प्लेटफॉर्म संख्या–2, सामान्य श्रेणी के लिए जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर। | 12.06.2026 at 12:00 hrs. | 12.06.2026 at 12:30 hrs. |
| 2 | Catg-UMB-MET-GMU-177-26-1 | UMB-Ctg-07-2026 | (जनरल माइनर यूनिट–खानपान) (जीएमयू) (आकार–10'x6') स्टॉल नंबर–2, प्लेटफॉर्म संख्या–1, सामान्य श्रेणी के लिए मालेरकोटला रेलवे स्टेशन पर। | 18.06.2026 at 12:00 hrs. | 18.06.2026 at 12:30 hrs. |
| 3 | Catg-UMB-UBC-GMU-161-25-1 | UMB-Ctg-07-2026 | रिफ्रेशमेंट रूम –जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) (Size 40.61 sqm) सामान्य महिला श्रेणी के लिए अम्बाला सिटी रेलवे स्टेशन। | 18.06.2026 at 12:00 hrs. | 18.06.2026 at 12:40 hrs. |
| 4 | Catg-UMB-RAA-GMU-181-26-1 | UMB-Ctg-07-2026 | (जनरल माइनर यूनिट–खानपान) (जीएमयू) (आकार–10'x6') स्टॉल नंबर–1, सर्कुलेटिंग एरिया में सामान्य श्रेणी के लिए बराड़ा रेलवे स्टेशन पर। | 18.06.2026 at 12:00 hrs. | 18.06.2026 at 12:50 hrs. |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखे। 1936/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### पार्किंग विवाद में वृद्ध की हत्या करने वाले पिता-पुत्र को आजीवन कारावास

**यमुनानगर।** गांव बसातियावाला में चार साल पहले हुए शेर सिंह हत्याकांड में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रजनीश कुमार की अदालत ने आरोपी पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों दोषियों पर 55-55 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। घटना 11 मार्च 2022 को गांव बसातियावाला में हुई थी। नरेंद्र कुमार ने शिकायत में बताया था कि उनकी बहन संतोष अपने पति के साथ ससुराल लौट रही थी। घर के पास आरोपियों श्यो राम व इंद्रजीत ने गाड़ी लगाकर रास्ता रोक रखा था। गाड़ी हटाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी। आरोप है कि उसी रात श्यो राम और बेटे इंद्रजीत लाठियां लेकर नरेंद्र के घर पहुंचे। यहां नरेंद्र के पिता शेर सिंह पर दोनों आरोपियों ने लाठियों से हमला कर दिया। नरेंद्र और मां गुड्डी को भी चोटें आईं। 18 मार्च 2022 को उपचार के दौरान शेर सिंह की मौत हो गई। पिता पुत्र को जहां आजीवन कारावास की सजा मिली, वहीं मामले में निर्मला देवी, जमेरो, अशोक, जसबीर और विनोद को कोर्ट ने बरी कर दिया।

## सांसद दीपेंद्र हुड्डा समेत कई विधायक हिरासत में लिए

# सीएम आवास घेरने जा रहे कांग्रेसियों को बेरिकेडिंग कर वाटर कैनन से रोका

- नीट पेपर लीक पर शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा, बेरोजगारी व महंगाई के मुद्दे भी उठाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन का प्रयोग करती पुलिस।

बढ़ती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी व नीट पेपर लीक होने के विरोध में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह सभी कार्यकर्ता सेक्टर 3 स्थित हुडा कार्यालय के समक्ष जनसभा में एकत्रित हुए। कांग्रेस नेताओं ने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने सीएम आवास के घेराव का ऐलान किया। इसे देखते हुए भारी पुलिस बल ने सेक्टर 3 जिंदल चौक के समीप बेरिकेडिंग की। दोपहर करीब एक बजे सांसद दीपेंद्र हुड्डा, थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, पिहोवा विधायक मनदीप चट्ठा, शाहबाद विधायक रामकरण, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, प्रदेशाध्यक्ष निशांत कटारिया सहित सभी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए निकले। पुलिस ने रोका तो वे बेरिकेड के ऊपर चढ़ गए। पुलिस ने बेरिकेडिंग तोड़ रहे कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित सभी कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन का प्रयोग किया। करीब 20 मिनट तक कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता बेरिकेड के उपर बैठे रहे। इसके बाद सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट से कहा कि या तो उन्हें सीएम आवास की तरफ जाने दे या फिर सभी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जाए। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद सांसद दीपेंद्र हुड्डा व विधायक अशोक अरोड़ा सहित कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। सभी कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ गए। 15 मिनट बाद सभी को छोड़ दिया।

### 12 जून को पानीपत में किया जाएगा प्रदर्शन



सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में हरियाणा लोक सेवा आयोग के चेयरमैन आलोक वर्मा द्वारा सरकारी नौकरियों में बैकडोर तरीके से बाहर के युवाओं को लगाने का काम किया जा रहा है। हम उनके इस्तीफे की भी मांग कर रहे हैं। 12 साल से बीजेपी की सरकार है और लगातार पेपर लीक हो रहे हैं। ऐसी सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर हम यहां आए हैं। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हम इस मुद्दे को संसद में भी उठाएंगे और सड़क पर भी उठाएंगे। अब अगला प्रदर्शन 12 जून को पानीपत में किया जाएगा।

## हत्यारोपियों को गंजा कर बाजार में घुमाया



**पंचकूला।** पिंजौर में शुक्रवार को हुए व्यापारी मर्डर केस में गिरफ्तार किए गए चार आरोपियों का मुंडन करवाकर पुलिस ने उन्हें बाजार में घुमाया। इस दौरान आरोपियों के पैर में चोट भी लगी दिखाई दी और वे लंगडाकर चल रहे थे। **वहीं, डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने लापरवाही पाए जाने पर पिंजौर एसएचओ इंस्पेक्टर बच्चू सिंह को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।** वहीं, तीन पुलिसकर्मियों का भी तबादला किया गया है। व्यापारी जितेश मनोचा (42) की शुक्रवार को सरे बाजार छह युवकों ने गाड़ी से उतारकर हत्या कर दी थी। आरोपियों ने उनके सिर पर डंडों से वार किए व चाकू भी मारे। इसे लेकर व्यापारियों में रोष व्याप्त था। मुख्य आरोपी खुशदीप सिंह के बाद मृतक की गाड़ी खड़ी करने को लेकर रंजिश थी।

## 3867 किलो विस्फोटक व पटाखे बरामद

- सफीदों में दो वाहनों के साथ तीन पकड़े, अहमदाबाद ले जा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



असंध-सफीदों रोड स्थित गांव रोहड बस अड्डा के पास सीआईए स्टाफ सफीदों ने पिकअप और ट्रक को काबू कर उसमें से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री व पटाखे बरामद किए हैं। जिनका वजन 3,867 किलो मिला।

पुलिस ने दोनों वाहनों से तीन लोगों को काबू कर उनके खिलाफ एक्सपलोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि यह विस्फोटक कैथल के धनौली से गुजरात के अहमदाबाद में लेकर जा रहे थे।


सीआईए स्टाफ सफीदों के प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि पांच जून सायं को उनकी टीम रोहड बस अड्डे के पास मौजूद थी। जांच के दौरान पिकअप तथा ट्रक से कोरड़ा जिला कैथल निवासी जसबीर व महीपाल तथा गांव धनौली, करनाल निवासी नीरज को पकड़ा गया। वाहनों की जांच में सभी पेटियों में पटाखे एवं विस्फोटक सामग्री पाई गई। पुलिस ने दोनों वाहनों से कुल 595 गत्ता पेटियां बरामद की, जिनका कुल वजन 3867 किलो 500 ग्राम मिला। आरोपियों से बरामद सामग्री संबंधी लाइसेंस मांगा तो उनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला।

## रिटायर्ड कर्नल के घर में चार बदमाशों ने बंधक बना की लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर 23 में रिटायर्ड कर्नल सीएल जैन के घर पर शुक्रवार देर रात हथियारबंद बदमाशों ने हथियारों के दम पर लूट की। चार नकाबपोश बदमाश खिड़की की ग्रिल काटकर घर में घुसे। उन्होंने चाकू, कटर और अन्य हथियारों के बल पर उनके बेटे, बहू और पोती को कमरे में बंधक बना लिया। बदमाशों ने उनसे सोने के गहने उतरवा लिए और घर में रखे हीरे के जेवर भी लूट लिए। आरोपी करीब 8 से 9 लाख रुपये के गहने और लगभग 9 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। आरोपी 2:47 बजे घर में घुसे और 3:15 बजे धमकी देकर फरार हो गए। आरोपी बंगाली में बात कर रहे थे।

## पांच करोड़ के विवाद में आरोपी के घर के बाहर पूर्व फौजी ने दी जान, चार पर केस



**हांसी।** हिसार चुंगी के समीप स्थित विकास नगर कॉलोनी में पूर्व सैनिक के जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान भगाना निवासी 63 वर्षीय सुंदर पंघाल के रूप में हुई है। पुलिस को मृतक की जेब से सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें दो महिलाओं सहित चार को मौत का जिम्मेदार ठहराया गया है। उनका शव एक आरोपी के घर के बाहर से बरामद हुआ है। पुलिस ने मृतक सुंदर पंघाल के बेटे एडवोकेट मनजीत सिंह के बयान पर दो महिलाओं सहित चार आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर किए जाने की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि सुंदर पंघाल का इन आरोपियों से करीब पांच करोड़ रुपये और प्रॉपर्टी का विवाद था।

## घर में घुसकर महिला के होंठ चिपकाए, रेप की कोशिश करने वाले को धक्का देकर भागी

**पानीपत।** पानीपत के हुडा औद्योगिक सेक्टर-29 थाना के तहत आने वाली एक कॉलोनी में घर में अपने डेढ साल के बच्चे के साथ सो रही विवाहिता के होंठों पर चिपकाने वाला पदार्थ डालकर बदमाश ने उसके साथ दुष्कर्म करने की चेष्टा की। जब विवाहिता ने विरोध किया तो बदमाश ने उसे चाकू दिखाकर डराया। विवाहिता डरी नहीं और वह बदमाश को धक्का देकर गली में पहुंच गई और पड़ोसियों का दरवाजा खटखटाया। पड़ोसी तत्काल घर से बार आ गए। विवाहिता ने इशारों से पड़ोसियों को पूरी घटना की जानकारी दी। इस दौरान आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ओवरटेक करते हुए बोलेरो व निजी बस में टक्कर, एसडीओ की मौत, कई घायल



**हरिभूमि न्यूज\यमुनानगर।** व्यासपुर-साढ़ौरा मार्ग पर शनिवार को हुए सड़क हादसे में बिजली निगम के एसडीओ विकास बंसल की मौत हो गई, जबकि बस में सवार कई यात्री और स्कूली बच्चे मामूली रूप से घायल हो गए। हादसा लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के पास उस समय हुआ जब विद्युत विभाग की बोलेरो और एक निजी बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निजी बस व्यासपुर से सवारियां लेकर साढौरा की ओर जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही बिजली निगम की बोलेरो ने एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। ओवरटेक के दौरान बोलेरो गलत दिशा में आ गई। बस चालक ने टक्कर से बचने के लिए बस को सड़क से नीचे कच्चे हिस्से में उतार लिया, लेकिन बोलेरो भी उसी दिशा में आ गई और बस से जा भिड़ी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## नशा तस्करी के आरोपी के घर छापा 10.37 लाख की नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



जिला पुलिस ने अभियान मैदान 2.0 के तहत गांव सारण में छापामारी की। इस दौरान पुलिस को एक घर से 10 लाख 37 हजार 800 रुपये की नकदी बरामद हुई। इसके साथ ही घर से 60 हजार रुपये की पुरानी करेंसी भी मिली है। बताया जा रहा है कि जिस घर से नकदी बरामद हुई है उसका मालिक बेरोजगार है और नशीले पदार्थ के कारोबार से जुड़ा हुआ है। गांव सारण में पुलिस कार्रवाई के दौरान 150 पुलिसकर्मी तैनात रहे। डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि अंबाला रेंज के आईजी पंकज नैन के निदेर्शों पर नशे को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से मैदान 2.0 अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में यमुनानगर जिला पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। अब सारण में छापेमारी के समय कई घरों में पुलिस की टीमों ने जांच की। सुभाष के घर से 10 लाख 37 हजार 800 हजार रुपये बरामद हुए। डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि युवक के घर से 60 हजार रुपये की पुरानी करेंसी भी मिली है जो बंद हो चुकी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना पुलिस की प्राथमिकता है। नशा समाज और परिवार दोनों को नुकसान पहुंचाता है।



### भाजपा छोड़ते ही मिला बड़ा जनसमर्थन

## अन्नामलाई के आंदोलन से 10 लाख लोग जुड़े, दिखा उत्साह



**10 घंटे में 10 लाख से अधिक लोग जुड़े**

**नई दिल्ली(भाषा)।** चेन्नई। तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा देने के बाद नया राजनीतिक आंदोलन शुरू कर दिया है। उनके इस कदम को राज्य की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। अन्नामलाई का दावा है कि उनके नए अभियान को लोगों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और शुरुआत के महज 10 घंटे के भीतर 10 लाख से अधिक लोगों ने उनके आंदोलन के समर्थन में पंजीकरण कराया है। राजनीति पूर्व आईपीएस अधिकारी और लोकप्रिय युवा नेता अन्नामलाई ने सोशल मीडिया के माध्यम से समर्थकों का आभार जताते हुए कहा कि लोगों का यह उत्साह दर्शाता है कि वे उनके विजन और राजनीतिक सोच से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि यह समर्थन भविष्य की राजनीति को नई दिशा देने की क्षमता रखता है। अन्नामलाई के समर्थन में तमिलनाडु भाजपा के उपाध्यक्ष ने भी इस्तीफा दे दिया। अन्नामलाई ने अपने आधिकारिक संदेश में कहा कि उनके राजनीतिक आंदोलन को जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिला है। उन्होंने बताया कि डिजिटल पंजीकरण अभियान शुरू होने के कुछ ही घंटों के भीतर लाखों लोग इससे जुड़ गए।

### तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा उलटफेर

## अन्नाद्रमुक को झटका चार पूर्व विधायक टीवीके में शामिल



**25 विधायकों ने किया था समर्थन**

**चेन्नई (भाषा)।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) पार्टी से चार पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक टीवीके के चेन्नई स्थित मुख्यालय में शनिवार को सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए जो गंभीर आंतरिक संकट का सामना कर रही अन्नाद्रमुक के लिए एक और झटका है। इन नेताओं में उडुमलाई के राधाकृष्णन, एम सी संपत, कदंबुर सी राजू और एन आर शिवपति शामिल हैं। ये सभी टीवीके के महासचिव आनंद और चुनाव प्रचार प्रबंधन के महासचिव आधव अर्जुन की उपस्थिति में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हुए। राज्य में 23 अप्रैल के चुनाव में मिली करारी हार के बाद अन्नाद्रमुक को लगातार झटके लग रहे हैं।

सबसे पहले 25 विधायकों के एक बागी गुट ने मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय द्वारा विधानसभा में पेश किए गए विश्वास मत का समर्थन किया जबकि पार्टी के मुख्य सचेतक के अनुसार प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करना अनिवार्य था। इन बागी विधायकों में से चार ने इस्तीफा दे दिया और टीवीके में शामिल हो गए। हालांकि बाद में बागी गुट ने महासचिव एडप्पडी पलानीस्वामी से सुलह कर ली। तब से अन्नाद्रमुक के कई पदाधिकारी पार्टी छोड़कर टीवीके में शामिल हो चुके हैं।

### कांग्रेस नेता ने इस्तीफे की घोषणा की थी

## हमने मंत्री रेड्डी के इस्तीफे का मुद्दा सुलझा लिया: शिवकुमार



**रामलिंगा का इस्तीफा स्वीकार नहीं करूंगा**

बेंगलुरु (भाषा)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने शनिवार सुबह कहा कि विभागों के बंटवारे को लेकर मंत्री रामलिंगा रेड्डी के इस्तीफे से उत्पन्न संकट उनके साथ लंबी बातचीत के बाद सुलझा लिया गया है। कांग्रेस नेतृत्व द्वारा वरिष्ठ नेता रेड्डी को अपना इस्तीफा वापस लेने के लिए मनाने के प्रयासों के बीच शिवकुमार ने शुक्रवार देर रात जयनगर स्थित एक निजी होटल में उनके साथ करीब ढाई घंटे तक बैठक की। यह बैठक शुक्रवार देर रात तक चली। चर्चा में कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेता और रेड्डी के कुछ करीबी सहयोगी भी शामिल रहे। बैठक के बाद देर रात करीब डेढ़ बजे पत्रकारों से बातचीत में शिवकुमार ने कहा कि यह परिवार का मामला है।

### रेड्डी ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया : सुरजेवाला

बेंगलुरु (भाषा) कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक में पार्टी प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शनिवार को दावा किया कि वरिष्ठ नेता रामलिंगा रेड्डी ने पार्टी नेतृत्व के साथ चर्चा के बाद मंत्री पद से अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। सुरजेवाला ने इस घटना को गलतफहमी का नतीजा बताया और कहा कि वरिष्ठ नेता कांग्रेस सरकार में मंत्री के रूप में अपना कार्य जारी रखेंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह इस विवाद का राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रही थी।

### कांग्रेस अध्यक्ष पर भड़के जेपी नड्डा

## खरगे का अधूरा ज्ञान खतरनाक है, देश का भला तथ्यों से होता है



**हेल्थ इकोसिस्टम में असाधारण बदलाव**

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के स्वास्थ्य से जुड़े डेटा छिपाने के आरोपों पर जोरदार पलटवार किया है। नड्डा ने कहा है कि जनता का स्वास्थ्य राजनीतिक बयानबाजियों तक सिमटने से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष के लिए यहां तक कहा है अधूरा ज्ञान बहुत खतरनाक होता है। दरअसल, पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें महिलाओं और बच्चों को धोखा देने का आरोप लगाया गया है। दावे में 2023-24 के नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-6 के कुछ कथित आंकड़ों का हवाला दिया गया। इसी आधार पर खरगे ने कहा कि मोदी सरकार इसके आंकड़े छिपा रही है, क्योंकि इससे इसकी नाकाम उजागर हो गई है। जेपी नड्डा ने आगे लिखा कि एनएफएचएस-6 का डेटा साफ दिखाता है कि भारत के हेल्थ इकोसिस्टम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में असाधारण बदलाव हुआ है। उनके अनुसार एनएफएचएस 3 (2005-06) की तुलना में मातृत्व स्वास्थ्य सेवा में भारत ने अप्रत्याशित सुधार देखा है- पहली तिमाही में प्रसव-पूर्व पंजीकरण 43.9% से 76.2% हो चुका है। संस्थागत प्रसव 38.7% से 90.6% तक पहुंच चुका है।

### खबर संक्षेप

### राबड़ी देवी की तबीयत खराब, तेज प्रताप मिले



**पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की तबीयत खराब हो गई है। उनके बड़े बेटे एवं जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव शनिवार दोपहर को उनसे मिलने पहुंचे। तेज प्रताप ने कहा कि उनकी मां बीमार हैं, इसलिए मिलने आए। दूसरी ओर, लालू परिवार ने सुबह सरकार की ओर से मुहैया कराई गई सुरक्षा को वापस कर दिया।

### ब्लास्ट मामले में टीएमसी का पूर्व विधायक गिरफ्तार



**कोलकाता।** भांगर ब्लास्ट के मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने टीएमसी के पूर्व विधायक सौकल मोल्ला को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले एजेंसी ने ब्लास्ट मामले में मोल्ला को भगौड़ा घोषित किया था। इसके बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए टीएमसी कार्यालय और मोल्ला के तमाम ठिकानों पर छापेमारी की थी। पहले 8 ठिकानों पर रेड की गई।

### शाह से मिले अमिरंदर कई मुद्दों पर की बात



**नई दिल्ली।** भाजपा से नाराजगी और कांग्रेस में जाने की अटकलों के बीच पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा से मुलाकात की। कैप्टन ने एक्स पर लिखा शाह के साथ बैठक की और पंजाब से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पार्टी के जनाधार बढ़ाने पर चर्चा की।

### कोटा में सोते हुए महंत की चाकू से हत्या की



**राजस्थान।** कोटा शहर के बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में चंद्रेसल मठ के महंत की अज्ञात बदमाशों ने देर रात चाकू से गोद गोदकर हत्या कर दी। बदमाशों ने सोते हुए महंत पर ताबड़तोड़ चाकू से वार किया और मौके से फरार हो गए। इस हमले में चंद्रेसल गांव स्थित मठ में मायापुरी अखाड़े के 35 वर्षिया महंत देवानंद महाराज की मौके पर ही मौत हो गई। इससे सनसनी फैली है।

### वायनाड के स्कूल में 150 छात्र बीमार



**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड में कोयलाडी स्थित एक एडेड अपर प्राइमरी स्कूल के लगभग 150 छात्र पिछले 3 दिन से बुखार और उल्टी का इलाज करा रहे हैं। ये बच्चे मार बेसेलियस एडेड अपर प्राइमरी स्कूल के छात्र हैं और इनमें से 38 बच्चों को, जिन्हें लगातार परेशानी हो रही थी।

### आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्यों के साथ प्रधानमंत्री की ने बैठक

# तेल की कीमतों, सप्लाई चेन व महंगाई को थामने के लिए पीएम ने किया मंथन

### पश्चिम एशिया संकट के बीच हुई बैठक में वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की आपूर्ति में आने वाली बाधाओं और कीमतों में अस्थिरता पर चिंता जताई गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की आर्थिक वृद्धि को तेज करने के उपायों पर 'प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद' (ईएसी-पीएम) के सदस्यों के साथ चर्चा की। इस दौरान ईएसी-पीएम के सदस्यों ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का भारत और दुनिया पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर अपना आकलन भी पेश किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक बैठक की अध्यक्षता की जिसमें भारत के आर्थिक परिवर्तन और दीर्घकालिक विकास प्राथमिकताओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।" उन्होंने कहा कि सुधारों की प्रक्रिया को और गति देने तथा 'जीवन की सुगमता' और 'कारोबार की सुगमता' सुनिश्चित करने पर भी विचार साझा किए गए।" आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री और उनकी आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्यों ने मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बीच आर्थिक वृद्धि को मजबूत करने के लिए कई विचारों एवं नीतिगत उपायों पर चर्चा की।

**◆ ईएसी की बैठक में चर्चा करते प्रधानमंत्री**



### काउंसिल के सदस्यों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की बदलती परिस्थितियों की समीक्षा की

सूत्रों ने कहा कि उच्च-स्तरीय बैठक में 'जीवन की सुगमता' और 'कारोबारी सुगमता' को बेहतर बनाने से जुड़े विभिन्न सुधारों पर भी विचार-विमर्श किया गया। ईएसी एक स्वतंत्र निकाय है जो भारत सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री को आर्थिक एवं संबंधित मुद्दों पर सलाह देता है।

इस बैठक में सलाहकार परिषद के सदस्यों के अलावा प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा एवं शक्तिकांत दास भी शामिल हुए। वर्तमान में ईएसी में एक चेयरमैन, तीन पूर्णकालिक सदस्य और 11 अंशकालिक सदस्य हैं। इसके प्रमुख एस. महेंद्र देव हैं, जबकि संजय कुमार मिश्रा, संजीव सान्याल एवं शामिका रवि पूर्णकालिक सदस्य हैं। परिषद के 11 अंशकालिक सदस्यों में राकेश मोहन, साजिद जेड चिनॉय, नीलकंठ मिश्रा, नीलेश शाह, टीटी राम मोहन, सौम्य कांति घोष, केवी राजू, चेतन घाटे, पामी दुआ, पुलक घोष और गौरव वल्लभ शामिल हैं। ईएसी के कार्यक्षेत्र में प्रधानमंत्री द्वारा संदर्भित किसी भी आर्थिक या अन्य मुद्दे का विश्लेषण करना और उस पर सलाह देना, व्यापक आर्थिक महत्व के मुद्दों पर विचार प्रस्तुत करना शामिल है। ये कार्य या तो स्वतः संज्ञान के आधार पर या प्रधानमंत्री अथवा किसी अन्य के संदर्भ पर किए जा सकते हैं। परिषद समय-समय पर प्रधानमंत्री द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य भी करती है।

#### इन पर हुई सर्वाधिक चर्चा

**आपूर्ति श्रृंखला**

युद्ध और तनाव के कारण वैश्विक लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन में होने वाले व्यवधानों का विश्लेषण किया गया

**महंगाई**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कमोडिटी की बढ़ती कीमतों का घरेलू मुद्रास्फीति पर असर रोकने के उपायों पर बात हुई

#### पीएम के आर्थिक सुधार देश की समृद्धि को लगातार दे रहे हैं बढ़ावा: शाह

वित्त वर्ष 2026 में देश द्वारा दर्ज की गई 7.7 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए सुधार आर्थिक समृद्धि को लगातार बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है।

एक्स पर एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया आर्थिक संकट से जूझ रही है, भारत की 7.7 प्रतिशत की विकास दर दुनिया के प्रमुख अर्थव्यवस्था से कहीं अधिक है, जो पिछले 12 वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था द्वारा हासिल की गई मजबूती का प्रमाण है। चाहे महामारी हो या युद्ध, मोदी जी की दूरदर्शी नीतियां ही देश को हर चुनौती से सुरक्षित रूप से पार करा रही हैं।

**वैश्विक व्यापार प्रवाह**

दुनिया भर के नीति-निर्माताओं के लिए चिंता का विषय बने व्यापारिक गतिरोधों के बीच भारतीय निर्यात को सुरक्षित रखने की बनाई गई रणनीति।



## पंजाब में पिकअप व ट्रक की टक्कर में नौ की मौत

- 32 अस्थियों को विसर्जित करने ब्यास जा रहे थे
- पीएम ने हादसे पर दु:ख जताया अनुग्रह राशि की घोषणा की

एजेंसी ▶▶ फिरोजपुर

पंजाब के फिरोजपुर में शनिवार को एक पिकअप वाहन की ट्रक से टक्कर हो जाने के कारण नौ लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी दुर्घटना फिरोजपुर-फाजिल्का सड़क पर जंगावाला मोड़ के पास हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ₹पंजाब के फिरोजपुर जिले में हुई दुर्घटना के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। जलालाबाद से 32 लोग एक रिश्तेदार की अस्थियों को ब्यास नदी में विसर्जित करने के लिए अमृतसर जा रहे थे कि तभी उनके वाहन की ट्रक से टक्कर हो गई। इनमें से कई की मौके पर मौत हो गई और गंभीर रूप से घायल लोगों को फिरोजपुर के सिविल अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना में अंशप्रीत सिंह (12) को मामूली चोटें आई हैं। परिवार के सदस्यों के साथ दादी पूरू बाई की अस्थियां विसर्जित करने जा रहा था। मृतकों की पहचान करनैल सिंह, लक्ष्मी रानी, सुखविंदर कौर, भागो रानी, माया बाई, सुरिंदर सिंह, राजकुमार, दर्शन सिंह और विद्या रानी के रूप में हुई है।

### कार के परखच्चे उड़े आप नेता समेत पांच की मौत

**मोरबी (गुजरात) (भाषा)।** गुजरात के मोरबी जिले में शुक्रवार रात कार व ट्रक की टक्कर में आम आदमी पार्टी के एक स्थानीय नेता समेत पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा मोरबी-हलवद हाईवे पर चराडवा गांव के पास रात करीब 9:30 बजे हुआ। कार ट्रक की टक्कर इतनी भयावह थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए। पुलिस के मुताबिक, सात लोग एक कार में सवार होकर हलवद तालुका के रांचोरगढ़ गांव से राजकोट जा रहे थे। कार में मौजूद 24 वर्षीय परेश धाधेया पहले एक बाइक दुर्घटना में घायल हो गए थे और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान चराडवा गांव के पास सड़क पार कर रहे एक डंपर ट्रक से कार की जोरदार टक्कर हो गई।



## किसानों का गंगानगर में प्रदर्शन

- गेहूं खरीद की मांग को लेकर भड़के
- खरीद प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाया
- मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन तेज करेंगे

एजेंसी ▶▶ गानगर

राजस्थान के गंगानगर में शनिवार को बड़ी संख्या में किसानों ने गेहूं खरीद की समयसीमा बढ़ाने और खरीद का लक्ष्य बढ़ाने की अपनी मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने खरीद प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप भी लगाया। आंदोलन कर रहे किसान ट्रेक्टर के साथ शहर के गंगासिंह चौक पर जमा हुए और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। किसान वहां से क्लेक्टर कार्यालय की ओर जाना चाहते थे लेकिन पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया। इससे थोड़ी देर के लिए गतिरोध की स्थिति बन गई, हालांकि, किसान नेताओं और प्रशासन के बीच बातचीत जारी रही। इससे पहले दिन में किसानों ने ट्रैक्टर और गाड़ियों के काफिले के साथ विरोध स्थल पर जाने से पहले पास ही गुरुद्वारा सिंह सभा में बैठक की। किसान नेता संदीप सिंह ने आरोप लगाया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की खरीद में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है और दावा किया कि बार-बार विरोध प्रदर्शन के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। हम लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर विरोध कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। किसानों ने मांग की कि सरकार द्वारा घोषित गेहूं खरीद कोटे में बढ़ोतरी का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उन किसानों को दिया जाए जिन्होंने खरीद प्रक्रिया के लिए पहले ही पंजीकरण करा लिया था।

### कोर्ट ने अलका लांबा को अच्छे आचरण की शर्त पर रिहा किया

नई दिल्ली (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता अलका लांबा को एक साल के लिए अच्छे आचरण की शर्त (प्रोबेशन) पर रिहा कर दिया। उन्हें 2024 में जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला करने के मामले में दोषी ठहराया गया था। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्वनी पंवार ने महिला कांग्रेस की प्रमुख लांबा को एक लाख रुपये का बॉण्ड जमा करने का निर्देश दिया। अदालत ने 25 मई को उन्हें दोषी ठहराया था।

### हर्ष फायरिंग में बिहार भाजपा विधायक दोषी

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को बिहार के साहिबगंज से भाजपा के विधायक राजू कुमार सिंह को फतेहपुर बेरी स्थित एक फार्महाउस में नव वर्ष की पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग करने के दौरान हुई मौत के मामले में गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराया। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई थी। अदालत ने सिंह की पत्नी और दो अन्य लोगों को सामान्य इरादे से हत्या करने और सबूत नष्ट करने के आरोपों से बरी कर दिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने सिंह को तहत दोषी ठहराया। नौ जून को सजा सुनवाई जाएगी।

## हल्द्वानी में अमेजन के गोदाम में लगी आग, दो कर्मचारी जिंदा जले

एजेंसी ▶▶ हल्द्वानी



- चार्जिंग पर लगी स्कूटी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका

उत्तराखंड में नैनीताल जिले के हल्द्वानी शहर में ई कॉमर्स कंपनी अमेजन के एक गोदाम में भीषण आगे लगने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई। हल्द्वानी के पुलिस अधीक्षक (नगर) मनोज कत्याल ने बताया कि शुक्रवार देर रात रामपुर रोड पर शीतल होटल के सामने स्थित अमेजन के गोदाम में आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद पुलिस, दमकल विभाग तथा प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंचीं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चार्जिंग पर लगी स्कूटी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। बता दे, स्टोर के भीतर मौजूद दो कर्मचारी आग और धुएं के बीच फंस गए थे। कत्याल ने बताया कि आग बुझाने के बाद गोदाम के भीतर दो कर्मचारियों के शव मिले जिनकी पहचान हल्द्वानी के बागजाला निवासी 35 वर्षीय नरेंद्र प्रसाद और रामपुर रोड के रहने वाले 25 वर्षीय अमित आर्य के रूप में हुई ।

### खुशखबर...देर से ही सही, लेकिन दुरुस्त आ रहा मानसून

# तेजी से बढ़ रहा, महाराष्ट्र-गोवा में झमाझम बारिश

### अगले 7 दिन तक इन राज्यों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मानसून इस साल भले देरी से पहुंचा हो, लेकिन वह तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने बताया 6 जून को मानसून महाराष्ट्र, गोवा, आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, कर्नाटक के कुछ हिस्सों, तमिलनाडु में कुछ हिस्सों में पहुंच चुका है। अब 7 दिन तक केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, पूर्वोत्तर भारत में बहुत भारी बारिश होगी। महाराष्ट्र, गोवा में भी तेज बारिश का अलर्ट है। 6-12 जून के दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, 7 से 12 जून के दौरान नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में काफी ज्यादा बारिश की चेतावनी है। 8-9 जून को असम, मेघालय में कहीं-कहीं आंधी तूफान, बिजली कड़कने और तेज हवाओं चलने का अलर्ट है।



**आंध्र, कर्नाटक और तेलंगाना में भी होगी**

6-12 जून के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल में, 12 जून को उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में, 8-12 जून के दौरान दक्षिणी कर्नाटक में, 6-11 जून के दौरान रायलसीमा में, 6-10 जून और 12 जून को तेलंगाना में बारिश होने वाली है। 6-12 जून के दौरान तटीय कर्नाटक, केरल, माहे, लक्षद्वीप, 6-11 जून के दौरान उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में बारिश होगी।

**आंधी- तूफान बिजली कड़कने की भी संभावना**

दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक में कहीं-कहीं आंधी तूफान, बिजली कड़कने और तेज हवाओं का अनुमान है। 7 जून को दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक में तेज हवाएं चलेंगी। 6-7 जून के दौरान केरल, माहे, लक्षद्वीप में, 6-10 जून के दौरान तटीय कर्नाटक में कहीं-कहीं आंधी तूफान और बिजली कड़केगी।

**बारिश के साथ ही तेज हवाएं भी चलेंगी**

इस बीच जम्मू कश्मीर में काफी ज्यादा व्यापक बारिश का अलर्ट है। 11-12 जून के दौरान हिमाचल प्रदेश, 6-12 जून के दौरान उत्तराखंड में छिटपुट बारिश होगी। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पंजाब, 11-12 जून , उत्तर प्रदेश, 10-12 जून के दौरान पूर्वी यूपी, 6-7 जून के दौरान पश्चिमी राजस्थान, 6-12 जून के दौरान पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं बारिश होगी।


### नीट-यूजी पेपर लीक मामला

## शुभम की न्यायिक हिरासत बढ़ी मनीषा पर फैसला 9 को होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी शुभम खैरनार की न्यायिक हिरासत 15 जून तक बढ़ा दी।

मामले की एक अन्य आरोपी मनीषा वाघमारे की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला 9 जून के लिए सुरक्षित रख लिया है। सीबीआई ने वाघमारे की जमानत का कड़ा विरोध करते हुए उन्हें पूरे षड्यंत्र की अहम साजिशकर्ता बताया है।



**धन का लेन-देन भी किया गया**

विशेष सीबीआई न्यायाधीश अजय गुप्ता की अदालत में वाघमारे की ओर से अधिवक्ता श्रेयस गच्छे और सीबीआई की ओर से वरिष्ठ लोक अभियोजक नीतू सिंह ने पक्ष रखे। इस दौरानधन के लेनदेन की भी बात सामने आई।

**पिछले कुछ सालों में भारत में पेपर लीक की घटनाएं एक गंभीर राष्ट्रीय समस्या बनकर उभरी हैं। इसने न सिर्फ लाखों युवाओं के करियर पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि पूरी शिक्षा और भर्ती प्रणाली के भरोसे को भी गहरा धक्का पहुंचाया है। एक अदद सरकारी नौकरी या प्रतिष्ठित संस्थान में दाखिले के लिए दिन-रात एक करने वाले करोड़ों विद्यार्थियों के लिए यह स्थिति एक मानसिक विभीषिका जैसी है। तकनीक के बेहतर इस्तेमाल के बड़े-बड़े दावों के बीच आखिर चूक हो गई। इसके लिए सीबीएसई को परीक्षकों के लिए एक अनिवार्य और व्यापक डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करना होगा, ताकि वे स्क्रीन पर भी न्यायपूर्ण मूल्यांकन कर सकें। पेपर लीक की समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि प्रतियोगी परीक्षाओं को लगातार अत्यधिक कठिन बनाया जा रहा है। जेईई एडवांस्ड और नीट जैसी परीक्षाओं में कई प्रश्न ऐसे पूछे जाते हैं जो भले ही औपचारिक रूप से पाठ्यक्रम के अंतर्गत हों, लेकिन उनकी जटिलता सामान्य विद्यालयी शिक्षा के स्तर से कहीं अधिक होती है। शिक्षा व्यवस्था का लक्ष्य प्रतिभा को पहचानना होना चाहिए, उसे अनावश्यक दबाव और असमानताओं के जाल में फंसाना नहीं। अब समय आ गया है कि एक पारदर्शी, सुरक्षित और अचूक परीक्षा प्रणाली का निर्माण किया जाए।** ***इन्हीं हालातों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...***

# पेपर लीक : सिस्टम को इलाज की जरूरत





विश्लेषण
चरणजीत चरण
स्वतंत्र स्तंभकार

**सीबीएसई एवं नीट की परीक्षाओं ने देश के युवा को निराश किया है। इस तरह की घटनाएं जब भी होती हैं तो देश के युवा मन में निराशा और अवसाद का एक बीज उपजने लगता है, जिससे उस युवा का समूचा परिवार प्रभावित होता है। सरकार नीतियां निर्धारित करती है, लेकिन उन नीतियों का क्रियान्वयन करने वाले प्रशासनिक अधिकारी, पेपर बनाने वाले एक्सपर्ट वो लोग जिन पर उस पेपर को संभालने और उसकी गोपनीयता कायम रखने की जिम्मेदारी होती है या कोई बड़ा राजनीतिक व्यक्ति जब किसी लालच का शिकार हो जाता है तो पेपर लीक जैसी घटनाएं समाज में घटती हैं। इस तरह की घटनाओं को किसी एक व्यक्ति की गलती के तौर पर देखना पूरे सिस्टम की गंदगी पर पर्दा डालने जैसा होगा।**

किसी भी देश को आत्मनिर्भर बनाने और उसके सांस्कृतिक, धार्मिक, तकनीकी एवं नैतिक उत्थान को उसके वैभव तक ले जाने में उस देश की शिक्षा का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान होता है। अगर किसी कारण से शिक्षा व्यवस्था में कोई सेंधमारी होती है तो यह निश्चित रूप से उस देश के भविष्य के लिए चिंता का विषय है। पिछले कई वर्षों से भारत की कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं इस समस्या से जूझ रही हैं। सामान्य परीक्षाओं से लेकर भर्ती परीक्षाएं भी पेपर लीक की शिकार हुई हैं। अगर हालिया वर्ष की बात करें तो सीबीएसई एवं नीट की परीक्षाओं ने देश के युवा को निराश किया है। इस तरह की घटनाएं जब भी होती हैं तो देश के युवा मन में निराशा और अवसाद का एक बीज उपजने लगता है, जिससे उस युवा का समूचा परिवार प्रभावित होता है। सरकार नीतियां निर्धारित करती है, लेकिन उन नीतिओं का क्रियान्वयन करने वाले प्रशासनिक अधिकारी, पेपर बनाने वाले एक्सपर्ट वो लोग जिन पर उस पेपर को संभालने और उसकी गोपनीयता कायम रखने की जिम्मेदारी होती है या कोई बड़ा राजनीतिक व्यक्ति जब किसी लालच का शिकार हो जाता है तो पेपर लीक जैसी घटनाएं समाज में घटती हैं। इस तरह की घटनाओं को किसी एक व्यक्ति की गलती के तौर पर देखना पूरे सिस्टम की गंदगी पर पर्दा डालने जैसा होगा। सिस्टम में बैठे लोगों की लापरवाही कोई तकनीकी खामी या किसी व्यक्ति का नैतिक पतन किसी भी परीक्षा के लीक के लिए जिम्मेदार हो सकता है, लेकिन इसके लिए भी सबसे अधिक जिम्मेदारी सरकार की ही बनती है। पेपर लीक का यह मामला पहला नहीं है। कई वर्षों से इस तरह के मामले निरंतर आ रहे है, लेकिन उसके लिए कोई ठोस नेटवर्क तैयार न कर पाना दोषी लोगों को कड़ी सजा का प्रावधान न होना, एक निचले स्तर के कर्मचारी से लेकर किसी बड़े अधिकारी तक जिम्मेदारी तय न करना और उसका उल्लंघन होने पर कड़ी सजा का प्रावधान न होना इस सारे घटनाक्रम का कारण बनता है।

## संगठित अपराध बना पेपर लीक

लीक होने वाली इन परीक्षाओं के लिए सरकार, प्रशासन और विशेषज्ञ ही जिम्मेदार हों, ऐसा नहीं है। बात अब इससे बहुत आगे बढ़ चुकी है। पेपर लीक अब एक संगठित अपराध का रूप ले चुका है। इसमें मोटा पैसा, रसूक और माफिया तंत्र का कॉकटेल बन चुका है। समाज के मध्यवर्ग में बैठे कुछ बड़े अधिकारी, उद्योगपति और कोचिंग संचालक इस पूरी प्रक्रिया से मोटा पैसा खींच रहे हैं। एक तरफ जहां लोगों पर सामाजिक दबाव है, बच्चों को किसी अच्छे कोर्स में डालने का और उन्हें कामयाब होते हुए देखने का, तो दूसरी तरफ अपनी सामाजिक और आर्थिक सत्ता को बचाने का भी दबाव है। इसके चलते पेपर लीक जैसे शॉर्टकट के माध्यम से नालायक बच्चों को भी कामयाब बनाने की कोशिश की जा रही है।

पैसे वाले माता-पिता की इसी मजबूरी और महत्वाकांक्षा का फायदा पेपर लीक माफिया उठा रहा है। लीक पेपर के लाखों रुपये पेरेंट्स से वसूले जाते हैं। लीक पेपर से बना डॉक्टर इंजीनियर या अन्य किसी पद पर बैठा व्यक्ति समाज में कभी नैतिकता के पैमाने पर खरा नहीं उतर सकता। आज बहुत से इंस्टिट्यूट ये दावा करते हैं कि उनके यहां से कोचिंग लेने पर परीक्षा पास करने की सौ प्रतिशत गारंटी है।

## भ्रामक विज्ञापन पर रोक लगे

पेपर लीक की बुनियाद यही गारंटी है। इसको बस ऐसे समझ लीजिए कि कोई तरबूज बेचने वाला अगर सौ प्रतिशत लाल और मीठे की गारंटी लेता है तो निश्चित मानना चाहिए कि वहां तरबूज में किसी केमिकल का इस्तेमाल हुआ है। भारत में भी पेपर लीक का एक बड़ा सोर्स इसी तरह के संस्थान हैं, जिन पर पूर्णतया रोक लगाने या इस तरह के भ्रामक विज्ञापन बंद करने की आवश्यकता है। आज सरकार और स्वयं पेरेंट्स को यह तय करना होगा कि हम देश में कैसा तंत्र चाहते हैं। क्या हम एक ऐसे डॉक्टर से इलाज कराना चाहते हैं तो पेपर लीक से डॉक्टर बना है।

**पेपर लीक : मुख्य कारण**

- ठोस नेटवर्क तैयार न कर पाना पेपर लीक का मुख्य कारण
- दोषी लोगों को कड़ी सजा का प्रावधान न होना शामिल
- निचले स्तर से बड़े अधिकारी तक जिम्मेदारी तय न करना
- कड़ी सजा का प्रावधान न होना

## सुधरनी चाहिए व्यवस्था

क्या हम किसी ऐसे इंजीनियर के मानकों पर खरे उतरे पुल से गुजरना चाहते हैं जो पेपर लीक सका सहारा लेकर यहां तक पहुंचा है, यह समस्या आज विकराल रूप लेती जा रही है। बार-बार पेपर लीक होना बताता है कि सिस्टम का एक बड़ा हिस्सा सड़ चुका है। उसे एक सतत इलाज की ज़रूरत है। जब तक सिस्टम में बैठे लोगों की जिम्मेदारी तय नहीं होती और जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा का प्रावधान नहीं होता, तब तक इस समस्या से निपटना आसान नहीं है।

साथ ही हमें बच्चों को बेसिक शिक्षा से ही नैतिक मूल्यों की कसौटी पर इस परिपक्वता के साथ ढालना होगा कि वे स्वयं इस तरह के अनैतिक कार्य के विरुद्ध खड़े होकर अपनी आवाज मुखर कर सकें। अगर ये नहीं होता है तो भविष्य में इसके बहुत ही दुखद परिणाम देखने को मिलेंगे। क्योंकि सालों साल मेहनत करने वाला बच्चा जब यह देखता है कि जिस करियर के सपने को सजाकर वह वर्षों से मेहनत कर रहा था, वह परीक्षा लीक हो चुकी है तो उसके मन मस्तिष्क पर इसका ऐसा दुष्प्रभाव पड़ेगा कि वह पूरे जीवन देश की सरकार और सिस्टम पर विश्वास नहीं कर पाएगा। हो सकता है कि यह घटना उसके मानसिक अवसाद का कारण बन जाए।

## समाज होता है प्रभावित

इसका एक और दुष्परिणाम यह होगा कि बहुत सारे योग्य बच्चों की जगह अयोग्य बच्चे उन महत्वपूर्ण पदों पर बैठ जाएंगे, जहां से पूरा समाज प्रभावित होता है। यह ऐसी स्थिति होती है जैसे किसी स्वस्थ शरीर में एक अंग का खराब हो जाना,जो आज नहीं तो कल पूरे शरीर के लिए घातक साबित होगा।

# स्कूली शिक्षा के अनुरूप हों प्रतियोगी परीक्षाएं



व्यवस्था
विनीत पाण्डेय
वरिष्ठ पत्रकार

देश में प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पिछले कुछ वर्षों में गंभीर प्रश्नों के घेरे में आई है। विशेष रूप से मेडिकल प्रवेश परीक्षा जैसे नीट से जुड़े विवादों ने लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों को चिंता में डाल दिया है। लाखों की संख्या मे छात्रों द्वारा दी गई इस परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होने, असामान्य रूप से बड़ी संख्या में छात्रों के अत्यधिक अंक प्राप्त करने तथा परीक्षा संचालन में अनियमितताओं के आरोप लगे। साथ ही विभिन्न राज्यों में शिक्षक भर्ती, पुलिस भर्ती, रेलवे भर्ती तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे मामलों ने न केवल युवाओं का विश्वास कमजोर किया है बल्कि परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पेपर लीक की समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि प्रतियोगी परीक्षाओं को लगातार अत्यधिक कठिन बनाया जा रहा है। जेईई एडवांस्ड और नीट जैसी परीक्षाओं में कई प्रश्न ऐसे पूछे जाते हैं जो भले ही औपचारिक रूप से पाठ्यक्रम के अंतर्गत हों, लेकिन उनकी जटिलता सामान्य विद्यालयी शिक्षा के स्तर से कहीं अधिक होती है। राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की पुस्तकों पर आधारित होने का दावा करने वाली परीक्षाओं में भी अनेक ऐसे प्रश्न देखने को मिलते हैं, जिनके समाधान के लिए विशेष कोचिंग की आवश्यकता पड़ती है। इस संदर्भ में यह प्रश्न प्रासंगिक हो जाता है कि जब चयन प्रक्रिया का अंतिम आधार मेरिट ही है, तब प्रश्नपत्रों की कठिनाई का स्तर इतना अधिक रखने की आवश्यकता क्यों महसूस की जाती है? यदि किसी परीक्षा में दस लाख विद्यार्थी शामिल होते हैं और केवल पांच हजार का चयन होना है, तो अपेक्षाकृत संतुलित और पाठ्यक्रम आधारित प्रश्नपत्र में भी श्रेष्ठ विद्यार्थियों की पहचान की जा सकती है। कठिनाई बढ़ाने से चयन प्रक्रिया अधिक निष्पक्ष नहीं हो जाती, बल्कि यह उन छात्रों को अतिरिक्त लाभ देती है जिन्हें महंगे कोचिंग संस्थानों तक पहुंच उपलब्ध है। भारत में शायद इसीलिए भी कोचिंग उद्योग का आकार लगातार बढ़ रहा है। राजस्थान का कोटा, तेलंगाना का हैदराबाद तथा दिल्ली का मुखर्जी नगर जैसे क्षेत्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बड़े केंद्र बन चुके हैं। अनेक परिवार अपने बच्चों की तैयारी पर लाखों रुपये खर्च करने के लिए विवश हो जाते हैं। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र इस प्रतिस्पर्धा में पीछे छूट जाते हैं। यह स्थिति शिक्षा में समान अवसर के सिद्धांत के विपरीत है। यदि किसी छात्र ने अपने विद्यालय में पूरी लगन से पढ़ाई की है और बोर्ड के निर्धारित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, तो उसे केवल इसलिए नुकसान नहीं होना चाहिए कि उसने किसी महंगे कोचिंग संस्थान में प्रवेश नहीं लिया। प्रतियोगी परीक्षाओं का उद्देश्य विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता को प्रोत्साहित करना होना चाहिए, न कि उसे अप्रासंगिक बनाना। सरकार और परीक्षा संचालित करने वाली संस्थाओं को इस विषय पर गंभीरता से पुनर्विचार करना चाहिए। नीट और जेईई जैसी परीक्षाओं का पाठ्यक्रम देश के विभिन्न शिक्षा बोर्डों के पाठ्यक्रमों के अनुरूप होना चाहिए। प्रश्नों का स्तर ऐसा हो जो अवधारणात्मक समझ की जांच करे, लेकिन विद्यालयों में पढ़ाए जाने वाले विषयों की सीमा से बाहर न जाए। यदि किसी प्रश्न को हल करने के लिए छात्र को अतिरिक्त कोचिंग सामग्री या विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता पड़ती है, तो यह परीक्षा की मूल भावना के विरुद्ध माना जाना चाहिए। इसके साथ ही परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा को भी मजबूत करना आवश्यक है। प्रश्नपत्रों की डिजिटल सुरक्षा, एनक्रिप्टेड वितरण प्रणाली, परीक्षा केंद्रों की निगरानी, दोषियों के विरुद्ध त्वरित कड़ी कार्रवाई तथा पारदर्शी जांच व्यवस्था को और सशक्त बनाया जाना चाहिए।

**भारत जैसे युवा देश के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि प्रतिभा का चयन अवसरों की समानता और ईमानदार प्रतिस्पर्धा के आधार पर हो, न कि कोचिंग की उपलब्धता, आर्थिक क्षमता या पेपर लीक जैसी विकृतियों के आधार पर।**

पेपर लीक केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं है, बल्कि यह लाखों मेहनती छात्रों के सपनों पर चोट है। एक छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम करता है, जबकि कुछ लोग अवैध तरीकों से उस मेहनत का मूल्य समाप्त कर देते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रतियोगी परीक्षाओं को कठिन बनाने की बजाय निष्पक्ष, पारदर्शी और विद्यालयी शिक्षा के अनुरूप बनाया जाए। यदि प्रश्नपत्र देश के विभिन्न बोर्डों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे, तो छात्रों का कोचिंग संस्थानों पर निर्भरता कम होगी, आर्थिक असमानता घटेगी और विद्यालयी शिक्षा का महत्व बढ़ेगा। साथ ही, यदि परीक्षा प्रणाली सुरक्षित और विश्वसनीय होगी तो युवाओं का विश्वास भी मजबूत होगा। भारत जैसे युवा देश के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि प्रतिभा का चयन अवसरों की समानता और ईमानदार प्रतिस्पर्धा के आधार पर हो, न कि कोचिंग की उपलब्धता, आर्थिक क्षमता या पेपर लीक जैसी विकृतियों के आधार पर। शिक्षा व्यवस्था का लक्ष्य प्रतिभा को पहचानना होना चाहिए, उसे अनावश्यक दबाव और असमानताओं के जाल में फंसाना नहीं।

# तकनीक की चमक में गायब हुई गुणवत्ता



मंथन
डॉ. सुरेंद्र कुमार
स्वतंत्र स्तंभकार

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज और निष्पक्ष बनाने के लिए तकनीक का दामन थामा। डिजिटल मूल्यांकन, ऑन-स्क्रीन मार्किंग, बारकोड आधारित उत्तर पुस्तिकाएं और ऑनलाइन मॉडरेशन जैसी आधुनिक व्यवस्थाओं का उद्देश्य सिर्फ एक था, मानवीय भूलों को कम करना और पूरे देश में एक समान मानक स्थापित करना। साल 2026 के 12वीं बोर्ड के नतीजों ने इस पूरी चमक-दमक के पीछे छिपी एक गंभीर वास्तविकता को उजागर कर दिया है। परीक्षा परिणाम आते ही जिस तरह देश भर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने मूल्यांकन प्रक्रिया पर तीखे सवाल उठाए, उसने एक नई बहस को जन्म दे दिया।

सवाल यह है कि तकनीक के बेहतर इस्तेमाल के बड़े-बड़े दावों के बीच आखिर चूक कहां हुई? सबसे जरूरी यह कि आने वाले समय में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए सरकार को क्या कदम उठाने चाहिए? सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली का मूल विचार बहुत प्रगतिशील था, जिसमें शिक्षक कंप्यूटर स्क्रीन पर कॉपियां जांचते हैं ताकि कॉपियों का विवरण आसानी से रखा जा सके और समय पर परिणाम घोषित हों। मगर इस बार के नतीजों ने इस पूरी व्यवस्था पर ही एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। हजारों मेधावी छात्रों ने यह शिकायत की है कि उन्होंने सभी प्रश्नों के पर्याप्त और सही उत्तर लिखे थे फिर भी उन्हें उम्मीद से बहुत कम अंक मिले। सबसे चौंकाने वाली स्थिति कुछ खास विषयों, जैसे फिजिक्स में देखने को मिली, जहां लगभग 58 % छात्रों को फेल या 'रिपीट' की श्रेणी में डाल दिया गया। इतनी बड़ी संख्या में छात्रों का पिछड़ना सीधे तौर पर इस तकनीकी मूल्यांकन की विश्वसनीयता को कटघरे में खड़ा करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस विफलता का कारण स्वयं तकनीक नहीं है, बल्कि उसके क्रियान्वयन का तरीका और मशीनों पर हमारी जरूरत से ज्यादा निर्भरता है। इसमें पहली और सबसे बड़ी चूक शिक्षकों के प्रशिक्षण से जुड़ी रही। कंप्यूटर स्क्रीन पर लंबे-लंबे उत्तरों को पढ़ना, उन्हें समझना और मार्किंग टूल्स का इस्तेमाल करना, पारंपरिक रूप से कागज पर कॉपी जांचने से बिल्कुल अलग अनुभव है। चूंकि शिक्षकों को इसके लिए व्यावहारिक रूप से तैयार नहीं किया गया, इसलिए वे स्क्रीन पर उत्तरों के गहरे भाव और गुणवत्ता को समझने में चूक गए। तकनीक ने गति तो दी, लेकिन मजबूत 'क्वालिटी चेक' न होने के कारण यह गति अंततः भारी त्रुटियों में बदल गई। इसके अलावा, मॉडरेशन और री-वेरिफिकेशन की व्यवस्था भी इस बार बेहद कमजोर साबित हुई। आधुनिक सॉफ्टवेयर होने के बावजूद यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि हर कॉपी को तय मानकों के अनुसार जांचा जा रहा है या नहीं। परिणाम यह हुआ कि शुरुआती स्तर पर हुई गलतियां बिना किसी रोक-टोक के सीधे फाइनल रिजल्ट तक पहुंच गईं। कॉपियों के डिजिटल होने के बावजूद छात्रों को कोई ऐसा विस्तृत फीडबैक या स्पष्टीकरण नहीं मिला जिससे वे समझ सकें कि उनके अंक आखिर कहां और क्यों कटे।

इस पारदर्शिता की कमी ने छात्रों के असंतोष को गहरे अविश्वास में बदल दिया है। अब सवाल उठता है कि भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए क्या किया जाना चाहिए। तकनीक आज की जरूरत है और इससे पीछे लौटना कोई समाधान नहीं हो सकता; समाधान केवल तकनीक और मानवीय विशेषज्ञता के बीच एक सही संतुलन बनाने में है। इसके लिए सीबीएसई को परीक्षकों के लिए एक अनिवार्य और व्यापक डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करना होगा ताकि वे स्क्रीन पर भी न्यायपूर्ण मूल्यांकन कर सकें। दूसरा, ए आई और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग केवल 'ऑडिट' और निगरानी के लिए होना चाहिए। यदि किसी छात्र को बहुत असामान्य अंक मिलते हैं तो एआई सिस्टम को उसे स्वतः चिन्हित कर देना चाहिए ताकि वरिष्ठ शिक्षक उस कॉपी को दोबारा देख सकें।

बोर्ड को मार्किंग स्कीम और कॉपियों को देखने की प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता अपनानी होगी, तभी छात्रों का भरोसा वापस जीता जा सकेगा। परीक्षा परिणाम के चलते प्रभावित हुए छात्रों के संकट का तत्काल निवारण करना भी बहुत आवश्यक है। यह अनुभव एक बड़ी चेतावनी है कि शिक्षा में आधुनिकता का स्वागत तो है, लेकिन किसी भी तकनीक को छात्रों के भविष्य की कीमत पर लागू नहीं किया जा सकता।




**बोर्ड को मार्किंग स्कीम और कॉपियों को देखने की प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता अपनानी होगी, तभी छात्रों का भरोसा वापस जीता जा सकेगा। परीक्षा परिणाम के चलते प्रभावित हुए छात्रों के संकट का तत्काल निवारण करना भी बहुत आवश्यक है।**


# योग्यता पर प्रहार, भविष्य पर वार




परीक्षा
डॉ. पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

भारत में 'पेपर लीक' की निरंतर बढ़ती घटनाएं केवल प्रशासनिक विफलता या वित्तीय भ्रष्टाचार का मामला नहीं है बल्कि यह देश के भविष्य के साथ होने वाला एक गंभीर क्रूर मज़ाक है। एक अदद सरकारी नौकरी या प्रतिष्ठित संस्थान में दाखिले के लिए दिन-रात एक करने वाले करोड़ों विद्यार्थियों के लिए यह स्थिति एक मानसिक विभीषिका जैसी है।

हर साल लाखों युवाओं की उम्मीदें, उनके माता-पिता की गाढ़ी कमाई और सालों की तपस्या एक झटके में पेपर लीक के काले बाज़ार की भेंट चढ़ जाती है। एक सुरक्षित परीक्षा प्रणाली का ढांचा तीन स्तंभों पर टिकता है- गोपनीयता, सत्यनिष्ठा और उपलब्धता। पेपर लीक की घटनाएं दर्शाती हैं कि हमारे तंत्र में इन तीनों ही स्तरों पर गंभीर कमियां हैं। प्रश्नपत्र तैयार होने से लेकर प्रिंटिंग प्रेस, लॉजिस्टिक्स (परिवहन) और परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के बीच कई ऐसे 'लीक प्वाइंटस' होते हैं, जहां सुरक्षा बेहद कमज़ोर है। स्थानीय स्तर पर अधिकारियों या निजी एजेंसियों की मिलीभगत से प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर तैरने लगते हैं। दूसरा, पेपर लीक मामले में मज़बूत कानून और त्वरित न्याय का अभाव है। राज्य स्तर के कानून इतने लचर हैं कि दोषी कुछ ही दिनों में ज़मानत पर बाहर आ जाते हैं और दोबारा इसी धंधे में लग जाते हैं। त्वरित और कठोर सज़ा न होना अपराधियों के हौसले बढ़ाता है। तीसरा परीक्षा लेने वाली एजेंसियों की निजी केंद्रों और आउटसोर्सिंग पर अत्यधिक निर्भरता भी इसका बड़ा कारण है। परीक्षा कराने वाली नोडल एजेंसियों में भी कर्मचारियों की भारी कमी है, जिससे वे बाहरी वेंडर्स पर निर्भर हो जाती हैं। मनोविज्ञान के नजरिए से देखें तो परीक्षा की तैयारी का दौर अपने आप में एक उच्च-तनाव की अवधि होती है। जब इस तनाव के बीच पेपर लीक या परीक्षा रद्द होने की खबर आती है तो विद्यार्थी का मानसिक संतुलन बुरी तरह डगमगा जाता है। नीट पेपर लीक के बाद देशभर के राज्यों में जिस तरह से युवा-युवतियों के आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आईं, वे मानसिक असंतुलन और दबाव का ही परिणाम हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र महीनों, सालों तक 'क्रॉनिक स्ट्रेस' यानी लगातार बने रहने वाले तनाव से गुज़रते हैं। जब परीक्षा रद्द हो जाती है तो छात्र 'बर्नआउट' की स्थिति में पहुंच जाते हैं। बर्नआउट का अर्थ है मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से पूरी तरह टूट जाना, जिसके बाद दोबारा ऊर्जा जुटाना असंभव सा लगने लगता है। मनोविज्ञान में मार्टिन सेलिगमैन का 'लर्नड हेल्पलेसनेस' का सिद्धांत यहां सटीक बैठता है। जब छात्रों को लगता है कि उनकी कड़ी मेहनत, बुद्धिमत्ता और प्रयासों का परीक्षा के परिणाम से कोई लेना-देना नहीं है क्योंकि अंततः पेपर तो पैसे वाले ही खरीद लेंगे तो वे मान लेते हैं कि परिस्थितियां उनके नियंत्रण से बाहर हैं। यह सोच उन्हें गहरे डिप्रेशन की ओर धकेलती है और वे प्रयास करना ही छोड़ देते हैं। पेपर लीक होने पर जब सालों की मेहनत शून्य हो जाती है तो छात्रों में 'आईडेंटिटी क्राइसिस' पैदा होता है। इसके साथ ही रिश्तेदारों और समाज के ताने, ‘इतने साल से क्या कर रहे हो?’ जैसी बातें उनके आत्मसम्मान को पूरी तरह नष्ट कर देती हैं। यही कारण है कि कोटा से लेकर प्रयागराज तक, छात्रों में आत्महत्या की प्रवृत्ति डराने वाले स्तर तक बढ़ गई है। पेपर लीक होने पर सरकारें अकसर परीक्षा रद्द करके 'दोबारा परीक्षा' की घोषणा कर देती हैं। प्रशासनिक रूप से यह एक समाधान लग सकता है, लेकिन एक विद्यार्थी के धरातल पर यह एक नई प्रताड़ना की शुरुआत है। अधिकांश छात्र ग्रामीण या निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं जो शहरों में किराए के कमरों या लॉज में रहकर, कर्ज़ लेकर कोचिंग और रहने का खर्च उठाते हैं। कई परिवारों के पास दोबारा परीक्षा तक छात्र को बाहर रखने के पैसे ही नहीं होते। मानव मस्तिष्क किसी एक लक्ष्य के लिए एक निश्चित समय तक ही उच्चतम एकाग्रता बनाए रख सकता है। परीक्षा के दिन छात्र का मानसिक स्तर चरम पर होता है। परीक्षा टलने या रद्द होने पर वह मानसिक लय टूट जाती है। जब देश की मेधावी युवा शक्ति व्यवस्था से निराश होकर अवसाद और आक्रोश में डूबने लगेगी तो राष्ट्र निर्माण की नींव भी कमजोर होगी। अब समय आ गया है कि एक पारदर्शी, सुरक्षित और अचूक परीक्षा प्रणाली का निर्माण किया जाए ताकि किसी भी युवा की मेहनत पर भ्रष्टाचार का पानी न फिरे और 'योग्यता' का मान सुरक्षित रहे।



**परीक्षा की तैयारी का दौर अपने आप में एक उच्च-तनाव की अवधि होती है। जब परीक्षा रद्द होने की खबर आती है तो विद्यार्थी का मानसिक संतुलन बुरी तरह डगमगा जाता है। नीट पेपर लीक के बाद जिस तरह से युवाओं के आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आईं, वे मानसिक असंतुलन का ही परिणाम हैं।**




## हॉकी में आशिष की हैट्रिक, जापान को 4-1 से रौंदा, तीसरा एशिया कप खिताब कब्जाया

# भारत पुरुष अंडर-18 एशिया कप चैंपियन

एजेंसी ▶▶ काकामिगाहारा

आशिष पुर्ती की शानदार हैट्रिक की बदौलत भारत ने मेजबान जापान को 4-1 से हराकर शनिवार को यहां पुरुष अंडर-18 एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया। पुर्ती ने दूसरे, 28वें और 34वें मिनट में गोल दागकर हैट्रिक पूरी की। कप्तान केतन कुशवाहा ने 30वें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त को और मजबूत किया। जापान की ओर से एकमात्र गोल नुमादा गाकू ने 52वें मिनट में किया। भारतीय हॉकी ने स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को तीन लाख रुपये और सहयोगी सदस्यो को डेढ़ लाख रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। इसके साथ ही महिला अंडर-18 टीम के कांस्य पदक जीतने पर प्रत्येक खिलाड़ी को एक लाख रुपये और सहयोगी सदस्यों को 50,000 रुपये देने की भी घोषणा की गई। भारत ने मैच की शुरुआत से ही भारत ने दबदबा बनाते हुए 90 सेकंड में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया, जिसे पुर्ती ने गोल में बदल दिया। पहले क्वार्टर के अंत तक भारत 1-0 से आगे था जबकि जापान ने कुछ आक्रामक प्रयास किए लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति को भेद नहीं सका। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने बढ़त बनाए रखी। जापान ने बराबरी की कोशिश की लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने उनके हर प्रयास को नाकाम कर दिया। इसके बाद 28वें मिनट में पुर्ती ने एक और शानदार गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। इसके तुरंत बाद प्रह्लाद राजभर ने गेंद छीनकर कप्तान कुशवाहा को पास दिया, जिन्होंने सटीक फिनिश कर हाफटाइम तक स्कोर 3-0 कर दिया। भारत ने तीसरे क्वार्टर में आक्रामक खेल जारी रखा। वरिंदर सिंह की शानदार मूव के बाद मिले पेनल्टी कॉर्नर को पुर्ती ने 34वें मिनट में गोल में बदलकर हैट्रिक पूरी की और भारत को 4-0 की मजबूत बढ़त दिलाई। अंतिम क्वार्टर में जापान ने वापसी की कोशिश की और 52वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर स्कोर 4-1 किया, लेकिन यह केवल सांत्वना भर रहा। इसके बाद जापान को कुछ और मौके मिले, लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने उन्हें सफल नहीं होने दिया। पुर्ती को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 13 गोल कर शीर्ष स्कोरर का खिताब भी हासिल किया।

### भारत की बेटियों ने बढ़ाया मान

## महिला अंडर-18 में कोरिया को 3-0 से हराकर भारत ने कांस्य पदक जीता

एजेंसी ▶▶ काकामिगाहारा

भारतीय महिला हॉकी टीम ने कोरिया के खिलाफ तीसरे स्थान के मैच में 3-0 से शानदार जीत दर्ज करते हुए अंडर-18 एशिया कप में कांस्य पदक जीता। भारत की ओर से संदीप कुमारी, कप्तान स्वीटी कुजूर और नौशीन नाज ने गोल दागे और टीम को पोडियम पर जगह दिलाई। सेमीफाइनल में चीन के खिलाफ शूटआउट में मिली करीबी हार के बाद भारतीय टीम ने कोरिया के खिलाफ शानदार शुरुआत की और शुरुआती दो मिनट में ही बढ़त बना ली। संदीप कुमारी ने बेहतरीन संयम दिखाया और दूसरे ही मिनट में शानदार फिनिश के साथ भारत को बढ़त दिला दी।



### भारतीय प्लेयर ने बनाए सर्कल के अंदर मूव

*भारत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा और सर्कल के अंदर कुछ अच्छे मूव बनाए। टीम को इस इनाम 16वें मिनट में मिला जब स्वीटी कुजूर ने मैदानी गोल करके भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय टीम मध्यांतर तक 2-0 से आगे थी। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत ने एक और गोल दागा जब 33वें मिनट में टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर नौशीन ने मैदानी गोल दागकर प्रतियोगिता में अपने कुल गोल की संख्या 12 तक पहुंचाई। मैच में शानदार प्रदर्शन और शुरुआती गोल करने के लिए संदीप कुमारी को मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।*

### पीएम ने दी बधाई



*अंडर-18 एशिया कप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करने वाली भारतीय जूनियर हॉकी टीमों को बधाई। पुरुष टीम ने गोल्ड मेडल और महिला टीम ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। दोनों टीमों ने शानदार कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन किया है।* **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हॉकी टीमों को बधाई



*'अंडर-18 एशिया कप 2026 में खिताब जीतने वाली पुरुष टीम और कांस्य पदक जीतने पर महिला अंडर-18 हॉकी टीम को बधाई। आपकी इस कामयाबी से निश्चित रूप से खेल और इसके चाहने वालों का उत्साह बढ़ेगा। जीत का यह सिलसिला जारी रखें।* **-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### दोनों टीमों ने देश का गौरव बढ़ाया



*भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया है। भारतीय पुरुष टीम ने बेहतरीन खेल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। वहीं, महिला टीम ने कांस्य पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का मान बढ़ाया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में संघर्ष, समर्पण और उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे भारतीय हॉकी की मजबूत नींव और उज्ज्वल भविष्य की झलक देखने को मिली। यह उपलब्धि देश के युवा खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, लगन और बढ़ते आत्मविश्वास का प्रतीक है। भारत को अपने बेटों और बेटियों दोनों पर समान रूप से गर्व है।*
**-कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व वित्त मंत्री, हरियाणा सरकार**

## भारत ने 7 पदक जीते, इनमें 6 हरियाणा की बेटियों ने कब्जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

### उलानबटोर कुश्ती ओपन रैंकिंग सीरीज



उलानबटोर कुश्ती ओपन रैंकिंग सीरीज में भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और चार कांस्य सहित सात पदक जीते। इसमें 6 हरियाणा की महिला पहलवानों ने जीते।

यह प्रतियोगिता उलानबटोर मंगोलिया में आयोजित की गई। शनिवार को खेले गए मैचों में 62 किलोग्राम में रोहतक की मानसी ने कांस्य पदक जीता। 55 किलोग्राम में सोनीपत की हंसिका ने कांस्य पदक जीता।

76 किलोग्राम में जींद की प्रिया ने कांस्य पदक जीता। 76 किलोग्राम में सोनीपत की काजल ने स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले 57 किलोग्राम में रोहतक की मनीषा ने और 59 किलोग्राम में चरखी दादरी की नेहा ने स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा 50 किलोग्राम में नीलम ने कांस्य पदक जीता। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर और कोच रणबीर ढाका ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।





### सागर ने स्वर्ण और जयदीप ने कांस्य जीता

शनिवार को ही खेले गए मैच में 74 किलोग्राम में सागर जागलान ने स्वर्ण और जयदीप नरवाल ने कांस्य पदक जीता। जयदीप ने बताया कि 2021 में मेहर सिंह अखाड़े में कदम रखा और तब से यह कोच रणबीर ढाका के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहा है। कोच का अनुभव उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। उसके पसंदीदा पहलवान ओलंपिक पदक विजेता रवि दहिया है।

## प्रज्ञानानंदा ने रचा इतिहास, नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय

**ओस्लो (भाषा)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा इतिहास रचते हुए अंतिम दौर में जर्मनी के विन्सेंट कीमर को हराकर प्रतिष्ठित नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। प्रज्ञानानंदा ने आखिरी दिन की शुरुआत 15 अंक के साथ तीसरे स्थान से की। उन्होंने सबसे अहम मौके पर बेहतरीन खेल दिखाया और क्लासिकल बाजी में जीत हासिल करके पूरे तीन अंक बटोरे। इस तरह वे 18 अंक पर पहुंचे और एलीट शतरंज की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफियों में से एक अपने नाम की। चेन्नई के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने वह उपलब्धि हासिल की जो 2013 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से भारतीय शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद और मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश जैसे खिलाड़ी भी हासिल नहीं कर पाए थे। नार्वे शतरंज में दूसरी बार हिस्सा ले रहे प्रज्ञानानंदा की शुरुआत धीमी रही थी लेकिन टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में उन्होंने रफ्तार पकड़ी और लगातार चार जीत हासिल की। प्रज्ञानानंदा के अभियान की सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने नार्वे शतरंज के सात बार के चैंपियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल बाजी में दो बार हराया। मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश के अंतिम चरण में खिताब की दौड़ से बाहर होने के बाद प्रज्ञानानंदा ने भारत की उम्मीदों को जीवंत रखा और आखिरकार खिताब अपने नाम किया।



### इसे जीतना अधिक खास

*प्रज्ञानानंदा ने कहा, 'इसे जीतना अधिक खास है और इसमें यह बात भी जुड़ जाती है कि मैग्नस वहां थे। साथ ही लगातार चार बाजी जीतना भी।' उनकी पिछली सबसे बड़ी जीत नीदरलैंड के विज्क आन जी में 2025 टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में आई थी। भले ही प्रज्ञानानंदा का पूरा ध्यान कीमर के खिलाफ मुकाबले पर था लेकिन कभी-कभी उनका ध्यान दूसरे बोर्ड की ओर भी चला जाता होगा, जहाँ सो का मुकाबला अलीरेजा से हो रहा था। अगर सो क्लासिकल बाजी जीत जाते तो प्रज्ञानानंदा खिताब से चूक जाते। उस मुकाबले का ड्रॉ नतीजा निर्णायक साबित हुआ और मैच टाईब्रेक में चला गया जहां सो ने जीत दर्ज की लेकिन उन्हें तीन की जगह सिर्फ डेढ़ अंक मिले।*

### च्वालिंस्का को 6-3, 6-2 से हराया



## मीरा आंद्रीवा ने रचा इतिहास बनीं ग्रैंड स्लैम चैंपियन

एजेंसी ▶▶ पेरिस

रूस की टेनिस सनसनी मीरा आंद्रीवा ने शनिवार को यहां फ्रेंच ओपन महिला एकल के फाइनल में पोलैंड की माया च्वालिंस्का को 6-3, 6-2 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। आंद्रीवा ने विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी के खिलाफ केवल 19 वर्ष की आयु में करियर का पहला ग्रैंड स्लैम जीतकर टेनिस जगत में नया अध्याय जोड़ दिया है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष मानी जा रही है क्योंकि वह 1992 के बाद सबसे कम उम्र की महिला चैंपियन बनी हैं। यह रिकॉर्ड मोनिका सेलेस के नाम है जिन्होंने 18 वर्ष की आयु में फ्रेंच ओपन खिताब जीता था।

### लगाकर मैच प्वाइंट हासिल किए

मैच के अंतिम क्षण में जब विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज आंद्रीवा ने बैकहैंड क्रॉस-कोर्ट विनर लगाकर मैच प्वाइंट हासिल किया तो वह भावुक होकर क्ले कोर्ट पर घुटनों के बल बैठ गईं और जीत का जश्न मनाया। दूसरी ओर क्वालीफायर से फाइनल तक का सफर तय करने वाली च्वालिंस्का इतिहास रचने से चूक गईं। वह रोलां गैरो में खिताब जीतने वाली पहली क्वालीफायर खिलाड़ी बनने की कोशिश में थीं। आंद्रीवा को टेनिस जगत ने पहली बार 2023 मैड्रिड ओपन में पहचान मिली थी, जब 15 वर्ष की उम्र में उन्होंने डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर मुख्य ड्रॉ मैच जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ियों में जगह बनाई और क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं। यूक्रेन युद्ध के चलते रूस के खिलाड़ियों पर लगे प्रतिबंधों के कारण आंद्रीवा को तटस्थ खिलाड़ी के रूप में खेलना पड़ा और उन्हें अपने देश का झंडा उपयोग करने की अनुमति नहीं मिली।




## भारत ने छठी बार सैफ महिला चैंपियनशिप का खिताब जीता

### फाइनल में बांग्लादेश को 3-1 से हराया

**मडगांव (भाषा)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने शनिवार को यहां खेले गए फाइनल में बांग्लादेश पर 3-1 की शानदार जीत के साथ छठी बार सैफ महिला चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। भारत ने सात साल बाद यह ट्रॉफी जीती। टीम के लिए प्यारी खाका (42वें मिनट), सनफिदा नोंग्रम (46वें मिनट) और लिंडा कॉम सर्टो (82वें मिनट) ने गोल किए। बांग्लादेश के लिए एकमात्र गोल रितु पोर्ना चकमा (45+2वें मिनट) ने किया। मेजबान टीम ने ग्रुप चरण में भी इसी प्रतिद्वंद्वी को 3-0 से हराया था। भारत ने टूर्नामेंट में बिना कोई मैच गंवाए अपना सफर पूरा किया। उन्होंने 18 गोल किए और सिर्फ एक गोल खाया जिससे टूर्नामेंट में उनका दबदबा साफ दिखा। भारतीय टीम ने मालदीव पर 11-0 की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी और फिर बांग्लादेश को 3-0 से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया था। लगातार पांच बार खिताब जीतने के बाद भारत पिछले दो चरणों में फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाया था। बांग्लादेश ने इन दोनों मौकों (2022 और 2024) पर नेपाल को हराकर ट्रॉफी जीती थी।

### आयरलैंड इंग्लैंड एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम का ऐलान

# बदलाव की नई बयार, श्रेयस टी20 कप्तान, टीम में सूर्यवंशी की एंट्री

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय टी20 क्रिकेट में शनिवार को बदलाव की नई बयार देखने को मिली जब श्रेयस अय्यर को सूर्यकुमार यादव की जगह राष्ट्रीय टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया। महज 15 वर्ष और 71 दिन की उम्र में वैभव सूर्यवंशी राष्ट्रीय टीम में जगह पाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का वर्षों पुराना रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। तेंदुलकर ने 15 नवंबर 1989 को कराची में पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। उस समय उनकी उम्र 16 वर्ष और 205 दिन थी।



### टीम इंडिया खेलेंगी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला

भारतीय टीम 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगी। इसके बाद टीम 1 से 11 जुलाई तक इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 श्रृंखला में हिस्सा लेगी। अय्यर की राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी 3 दिसंबर 2023 के बाद पहली बार हुई है। उन्होंने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच उसी दिन बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

### आईपीएल में किया शानदार प्रदर्शन



सूर्यवंशी का चयन लगभग तय माना जा रहा था। इस युवा बल्लेबाज ने 2026 आईपीएल सत्र में 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की थी। इस दौरान उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक जड़े तथा 237.30 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा। अगरकर ने बिहार के इस युवा खिलाड़ी की मैच का रुख बदलने की क्षमता की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, 'हमने देखा है कि वह क्या कर सकता है।

### आयरलैंड और इंग्लैंड टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी।

**एशियाई खेलों के लिए:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और वैभव सूर्यवंशी।

**श्रीलंका दौरे के टीम:** ध्रुव जुरेल (कप्तान एवं विकेटकीपर), साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल (उपकप्तान), रुतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, सारांश जैन, गुरनूर बरार, आकिब नबी, यश ठाकुर, एन. जगदीशन, अमन मोकाडे, शेख राशिद और जीशान अंसारी।

### पहले दिन केएल राहुल और गिल ने जड़ा शतक



**चंडीगढ़।** भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में जारी इकलौते टेस्ट में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। टीम इंडिया ने पहले दिन की समाप्ति तक 3 विकेट खोकर 368 रन बना लिए हैं। पहले दिन 85 ओवरों का ही खेल हो सका। मुल्लांपुर में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को 12वें ओवर की अंतिम गेंद पर यशस्वी जायसवाल के रूप के रूप में 41 के स्कोर पर पहला झटका लगा।




## ईरान ने कुवैत व बहरीन पर 7 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं अमेरिका ने ईरानी रडार साइट्स पर किया जवाबी हमला

### अमेरिकी सेना ने 6 मिसाइलों को हवा में किया नष्ट

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/तेहरान

अमेरिका ने कहा है कि उसकी सेना ने गोरुक और केश्म आइलैंड पर ईरानी रडार साइट्स पर हमला किया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, पहले होर्मुज में ईरान के 4 अटैक ड्रोन मार गिराए गए, फिर आगे के हमले रोकने के लिए रडार साइट्स को निशाना बनाया गया। इसके जवाब में ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के पास दुश्मन ठिकानों पर मिसाइल हमला किया। वहीं, सेंटकॉम के मुताबिक ईरान ने कुवैत और बहरीन की ओर 7 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें 6 को हवा में ही रोक दिया गया, जबकि सातवीं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी।

### ईरानी फुटबॉल टीम को मिला वीजा



इस बीच ईरानी फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को अमेरिका का वीजा मिल गया है। हालांकि टीम के कई सपोर्ट स्टाफ और अधिकारियों को अब तक अमेरिकी वीजा नहीं मिला है। इस पर ईरान ने अमेरिका पर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। फुटबॉल महासंघ के महासचिव हेदायत मोम्बेनी, उपाध्यक्ष मेहदी मोहम्मद नबी समेत 14 अधिकारी और सहयोगी स्टाफ अभी भी वीजा का इंतजार कर रहे हैं। महासंघ का कहना है कि इससे टीम को बराबरी का मौका नहीं मिल रहा है और वह इस मामले को फीफा के सामने उठाएगा। वहीं, अमेरिकी का कहना है कि सभी खिलाड़ियों, कोच, ट्रेनर को वीजा दिया गया है।

### ईरान की मिसाइलों को रोका: कुवैत

कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि शनिवार सुबह देश की सेना ने कुवैत के हवाई क्षेत्र में दाखिल हुई ईरान की सात बैलिस्टिक मिसाइलों का इंटरसेप्ट कर लिया। मंत्रालय के अनुसार, इन मिसाइलों को रिहायशी इलाकों के ऊपर ही रोक लिया गया। हालांकि, उन्हें नष्ट करने के बाद उनका कुछ मलबा जमीन पर गिरा, जिससे कुछ जगहों पर संपत्ति को नुकसान पहुंचा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस घटना में किसी भी व्यक्ति की मौत या घायल होने की खबर नहीं है।



हमले का जायजा लेते अधिकारी

### हमला खाड़ी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए खतरा: बहरीन

बहरीन ने मिसाइल हमले की निंदा करते हुए इसे देश की संप्रभुता का खुला उल्लंघन और खाड़ी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए खतरा बताया। बहरीन ने कहा कि सभी मिसाइलों को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर लिया गया और इसके लिए उसने अपनी और कुवैत की सेनाओं की सतर्कता की तारीफ की। बहरीन ने ईरान से तुरंत हमले रोकने, होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खोलने, समुद्री बारूदी सुरंगों की जानकारी देने और फंसे हुए 20 हजार से ज्यादा नाविकों को सुरक्षित निकलने देने की मांग की।

#### ट्रंप ने की मोजतबा से मुलाकात की पेशकश

### अराघची बोले- असल दुनिया में नहीं जी रहे राष्ट्रपति ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई से मुलाकात करने की इच्छा जताई है। इस पर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने तंज कसा है। अराघची ने कहा कि मैंने वह रिपोर्ट देखी है जिसमें ट्रंप ने मुलाकात की इच्छा जताई है। लेकिन मेरा मानना है कि हमें व्यावहारिक होना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति को हवा में बातें करने के बजाय असली दुनिया में सोचना और जीना चाहिए। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा था कि अगर तेहरान के साथ कोई ठोस समझौता होता है, तो वह ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई से मिलने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने यहां तक कहा कि इस मुलाकात से वह सम्मानित महसूस करेंगे।



## खबर संक्षेप

### भारतीय 'गेम डिजाइनर्स अवार्ड' की सूची में



**लंदन।** ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ रहे एक भारतीय छात्र को भारत के एक कारखाने में काम करने वाले मजदूर के जीवन पर आधारित गेम के लिए 'बाफ्टा यंग गेम डिजाइनर्स अवार्ड' के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। स्कॉटलैंड के ग्लासगो स्थित 'स्ट्रैथक्लाइड' विश्वविद्यालय के कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान विभाग में प्रथम वर्ष के छात्र डार्सी ढांडा को उनके गेम 'माया' के लिए 15-18 वर्ष के आयु वर्ग में नामांकित किया गया । यह गेम एक विधवा की कहानी पर आधारित है, जो कपड़े के कारखाने में लंबे समय तक काम करती है।

### न्यूयॉर्क में योग दिवस का नेतृत्व एचआर नागेंद्र करेंगे



**वॉशिंगटन।** पीएम नरेंद्र मोदी के योग गुरु एचआर नागेंद्र 21 जून को न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। वे न्यूयॉर्क के मोंटिसेलो में एक विशेष योग और कल्याण शिविर का भी उद्घाटन करेंगे जो 12 से 14 जून तक आयोजित किया जाएगा।

### कांगो में इबोला वायरस से 82 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** कांगो में इबोला के मामले में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। इकांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में इबोला के कंफर्म मामलों की संख्या 452 हो गई है, जिनमें 82 लोगों की जान चली गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने 4 जून को इतुरी और नॉर्थ किवु प्रांतों में 71 नए मामलों की जानकारी दी थी, जिनमें 21 लोगों की मौत हो गई थी।

#### वार्षिक सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम 2026 में बोले पुतिन

## भारत हमेशा अपने हितों के अनुसार ही फैसले लेता है.. बैन लगाने वाले खुद भुगतेंगे अंजाम


*रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत हमेशा एक संप्रभु देश के रूप में काम करता है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रतिबंधों का कोई भी संभावित खतरा तुरंत बूमरैंग साबित होगा*

*भारत संग रिश्ते राजनीतिक उतार-चढ़ाव से प्रभावित नहीं होते*

एजेंसी ▶▶ सेंट पीटर्सबर्ग

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और स्वतंत्र विदेश नीति का पुरजोर समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि भारत के खिलाफ प्रतिबंधों की कोई भी धमकी तुरंत उल्टा असर करने वाली साबित होगी। वार्षिक सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम में बोलते हुए रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत हमेशा एक संप्रभु देश के रूप में काम करता है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रतिबंधों का कोई भी संभावित खतरा तुरंत बूमरैंग साबित होगा।

> भारत उन उत्पादों को चुनने के लिए स्वतंत्र जो उसके हित के
> भारत के साथ सहयोग राजनीतिक उतार-चढ़ाव से प्रभावित नहीं होता



एसपीआईईएफ को संबोधित करते रूसी राष्ट्रपति पुतिन

### पीएम मोदी से रही है करीबी बातचीत

रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि वह लंबे समय से पीएम मोदी के साथ करीबी बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने उस समय को भी याद किया जब मोदी के अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि पीएम मोदी इसे कभी नहीं भूलेंगे। अब जब वह पीएम हैं, तो सभी प्रतिबंध हटा दिए गए हैं, और जहां तक मैं समझता हूं, अमेरिका और भारत के बीच रिश्ते कामयाबी के साथ बढ़ रहे हैं।

### आईटी उद्योग का दिग्गज है भारत

*डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका की सराहना करते हुए रूसी राष्ट्रपति ने भारत को एक प्रमुख भागीदार बताया। उन्होंने कहा कि हमारा एक और प्रमुख भागीदार, भारत, आईटी उद्योग में अग्रणी खिलाड़ियों में से एक है। वैश्विक सॉफ्टवेयर बाजार में भारत की बहुत बड़ी और महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। बता दें, आपको बता दें कि भारत साल 2026 में ब्रिक्स देशों के वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। व्लादिमीर पुतिन इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए 12 और 13 सितंबर को भारत की यात्रा पर आने वाले हैं।*

### ब्रिक्स ने जी7 देशों को पीछे छोड़ा

*पुतिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में क्रय शक्ति समानता (पीपीपी) के आधार पर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वार्षिक वृद्धि का लगभग आधा हिस्सा (49%) ब्रिक्स देशों से आया है, जबकि जी7 समूह का योगदान केवल 18% अनुमानित है। पुतिन ने बताया कि ब्रिक्स ने 2020 में ही जी7 को पीछे छोड़ दिया था और यह अंतर लगातार बढ़ता जा रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकासशील देश लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जबकि पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं की हिस्सेदारी लगातार सिकुड़ रही है।*

#### यूएन में पाक ने उठाया कश्मीर का मुद्दा

## भारत बोला- ये हमारा आंतरिक मामला, यहां 'झूठ' न फैलाएं

*जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा, यह सच्चाई नहीं बदलेगी*

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ा। दरअसल, महासभा में पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाकर भारत को घेरने की कोशिश की, लेकिन भारत ने तुरंत कड़ा जवाब देते हुए उसे फटकार लगा दी। भारत ने साफ कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता कोई राजनीतिक प्रचार का मंच नहीं है और इसका इस्तेमाल झूठे और पक्षपातपूर्ण दावे फैलाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने दो टूक कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और इस सच्चाई को कोई नहीं बदल सकता। बता दें, संयुक्त राष्ट्र महासभा में सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद ने जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया।



राजदूत पर्वतनेनी हरीश

### भ्रामक सूचनाएं फैला रहा पाक

*पी. हरीश ने पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है और इस पर किसी बाहरी टिप्पणी की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सुरक्षा परिषद में अपनी मौजूदगी का गलत इस्तेमाल कर रहा है। भारत ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान लगातार भ्रामक और गलत सूचनाएं फैलाने की कोशिश करता रहा है। हरीश ने कहा कि सुरक्षा परिषद की सदस्यता बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है और इसे झूठे प्रचार का मंच नहीं बनाया जा सकता।*

### सुधार की मांग दोहराई

*भारत ने इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग भी दोहराई। भारत ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा परिषद आज की दुनिया की वास्तविकता को नहीं दर्शाती। भारत के मुताबिक, 1945 की भू-राजनीतिक स्थिति के आधार पर बनी व्यवस्था अब पुरानी हो चुकी है। भारत ने कहा कि सिर्फ अस्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार जरूरी है।*

#### फायरिंग का मामला

## खान सर ने नहीं किया सरेंडर अग्रिम जमानत याचिका देंगे

**पटना (एजेंसी)।** फैजल खान उर्फ खान सर पर प्राथमिकी दर्ज हुए 24 घंटे बीत गए, लेकिन पटना पुलिस उनको गिरफ्तार नहीं कर पाई। अब खान के वकील पटना सिविल कोर्ट पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वे सरेंडर नहीं करेंगे। पटना पुलिस ने गलत आरोप लगाकर उन पर प्राथमिकी दर्ज की है। पूरी एफआईआर ही गलत है। उन्होंने गोली चलाने का आदेश भी नहीं दिया है। 2 जून की रात को खान सर के कोचिंग सेंटर पर हमला हुआ था। आरोप है कि खान सर ने ही गोली चलाने का आदेश दिया था।



मुझे फंसाया जा रहा, एफआईआर ही गलत

#### फलों के राजा आम की अमेरिका में धूम

## वाणिज्य दूतावास ने आम महोत्सव मनाया, 100 आयातक रहे मौजूद

एजेंसी ▶▶ सिएटल

भारतीय आमों की अमेरिकी शहरों में धूम मची हुई है। अमेरिकी लोग इस फल की लोकप्रिय किस्मों को बड़े चाव से खा भी रहे हैं और उनकी अधिक की मांग भी कर रहे हैं। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें 'फलों के राजा' आम के अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में निर्यात और उपयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। इस आयोजन में 'कॉस्टको' जैसी अमेरिकी खुदरा क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के वरिष्ठ नेतृत्व सहित भारतीय फलों के 100 से अधिक प्रमुख आयातकों ने भाग लिया।



अल्फांसो आम

## उत्तराखंड: चारधाम यात्रा के पहले पैंतालीस दिनों में 120 की गई जान



*__नई दिल्ली।__ उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में जारी चारधाम यात्रा के दौरान पिछले 45 दिनों में 120 से ज़्यादा श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है. बताया गया है कि इसकी वजह स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और दुर्घटनाएं हैं। उल्लेखनीय है कि इस यात्रा का एक बड़ा हिस्सा पैदल तय किया जाता है और इसमें ज़्यादा ऊंचाई और खराब मौसम का सामना करना पड़ता है। मृतकों की कुल संख्या में से कम से कम 45 मौतें चमोली ज़िले में गौचर शहर और बद्रीनाथ के बीच हुई हैं।*

#### हवाई में 29वीं भारत-अमेरिका सैन्य वार्ता आयोजित

## द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने और रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने पर हुई बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के हवाई में 29वीं भारत और अमेरिका ने 'आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता' आयोजित की, जिसमें दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई।

साथ ही, दोनों पक्षों ने अपने रणनीतिक साझेदारी संबंधों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस बैठक की सह-अध्यक्षता उप सेना प्रमुख (रणनीति) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई और अमेरिकी सेना प्रशांत के उप कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल जोएल वोवेल ने की।




### सेनाओं के बीच बढ़ेगा तालमेल

*भारतीय सेना ने कहा कि चर्चा का मुख्य फोकस द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करना, सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना, पेशेवर आदान-प्रदान का विस्तार करना और साझा सुरक्षा हितों के लिए सैन्य सहयोग को गहरा करना था। दोनों पक्षों ने सेना के बीच बढ़ते सहयोग की सराहना की और भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई।*

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर विचार-विमर्श

*पिछले सप्ताह, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सिंगापुर में अमेरिकी कांग्रेस के द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल (सीओडीईएल) के प्रमुख और हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सदस्य पैट हैरिगन से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा, रक्षा सहयोग के विस्तार और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा रणनीतिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया।*

#### फ्रांस ने राफेल लड़ाकू विमानों को दिलाई 'सुपर ताकत'

## नई एनजी मिसाइल का सफल परीक्षण, स्टेल्थ जेट भी नहीं बचेंगे

**दुश्मन के विमानों, हेलीकॉप्टरों, ड्रोन, मिसाइलों को निशाना बनाने की क्षमता**

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस ने राफेल लड़ाकू विमान के लिए बनाई गई नई और आधुनिक एमआईसीए एनजी मिसाइल का सफल परीक्षण किया है।

खास बात यह है कि इस मिसाइल को पहली बार राफेल से बहुत तेज यानी सुपरसोनिक गति में दागा गया और यह स्टेल्थ फाइटर जेट्स को भी निशाना बना सकता है। मिसाइल बनाने वाली कंपनी एमबीडीए के मुताबिक, एमआईसीए एनजी को भविष्य के युद्धों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### जून 2025 में किया गया था पहला परीक्षण



राफेल विमान से दागी गई एनजीए मिसाइल

कंपनी के मुताबिक, यह मिसाइल दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों, ड्रोन, स्टेल्थ फाइटर जेट और तेज रफ्तार क्रूज मिसाइलों को भी निशाना बना सकती है। स्टेल्थ विमान वे होते हैं जिन्हें रडार पर पकड़ना काफी मुश्किल होता है। यह एमआईसीए एनजी का राफेल विमान से दूसरा परीक्षण था। पहला परीक्षण जून 2025 में किया गया था। इस बार इसे ऐसी स्थिति में परखा गया जब विमान ध्वनि की गति से भी ज्यादा तेज उड़ रहा था। इतनी तेज गति पर तापमान बहुत बढ़ जाता है, जिससे लक्ष्य को पहचानना मुश्किल हो जाता है।

### गर्मी पहचानकर निशाना लगाती है मिसाइल

*परीक्षण के दौरान मिसाइल के इन्फ्रारेड सीकर की जांच की गई। यह तकनीक दुश्मन के विमान या मिसाइल से निकलने वाली गर्मी को पहचानकर उसे ट्रैक करती है। परीक्षण में यह साबित हो गया कि बेहद कठिन परिस्थितियों और अधिक तापमान में भी यह प्रणाली सही तरीके से काम कर सकती है। इसके जरिए लड़ाकू विमान दुश्मन के विमानों को रोकने, हवाई लड़ाई लड़ने और अपनी सुरक्षा करने में ज्यादा सक्षम होंगे।*

### 114 नए राफेल जेट खरीदना चाहता है भारत

*मिसाइल का एक दूसरा संस्करण जहाजों और जमीन पर महत्वपूर्ण ठिकानों की सुरक्षा के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। भारत ने हाल ही में फ्रांस को 114 नए राफेल लड़ाकू विमान खरीदने का प्रस्ताव भेजा है। इस सौदे की अनुमानित कीमत करीब 3.25 लाख करोड़ रुपए बताई जा रही है। प्रस्ताव के अनुसार 114 में से 94 राफेल विमान भारत में ही बनाए जाएंगे। इन्हें फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन और एक भारतीय कंपनी मिलकर तैयार करेंगी।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28